RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से खबरु

smarthalchal.com

स्मार्ट हलचल

वर्षः 11 अंकः 79 | जयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ ,मंगलवार, 15 सितंबर 2026 | मूल्यः 4 रुपए | पृष्ठः 08

ब्रीफ न्यूज

दो सप्ताह बाद आज मंत्रालय में होगी कैबिनेट की बैठक

भोपाल, प्रसं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार सुबह 11 बजे मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक आयोजित की जाएगी। कैबिनेट की बैठक में विभिन्न विभागों के 10 से ज्यादा प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी। बैठक में अनौपचारिक चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रियों को चार दिवसीय दुबई विजिट के दौरान मप्र को मिले निवेश प्रस्तावों की जानकारी देंगे। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन पर 17 सितंबर से शुरू हो रहे सेवा संकल्प अभियान को सफल बनाने लेकर चर्चा करेंगे। कैबिनेट की बैठक दो सप्ताह बाद आयोजित की जा रही है। पिछले सप्ताह सीएम के दुबई दौरे पर होने के कारण कैबिनेट की बैठक नहीं हुई थी।

कारगिल युद्ध के हीरो रिटायर्ड ग्रुप कैप्टन गुप्ता पर जानलेवा हमला

गुरुग्राम, आरएनएन। हरियाणा के गुरुग्राम में एक रिटायर्ड ग्रुप कैप्टन पर जानलेवा हमला किया गया है। जानकारी के अनुसार, रिटायर्ड ग्रुप कैप्टन अमित गुप्ता कारगिल युद्ध के दौरान ऑपरेशन सफेद सागर का हिस्सा थे। वह गुरुग्राम में अपने परिवार के साथ डिनर पर गए थे। इसी दौरान गाड़ी पार्क करने को लेकर पार्किंग अटेंडेंट के साथ उनकी बहस हुई। पार्किंग अटेंडेंट ने पहले तो गाड़ी के शीशे पर डंडे से हमला किया। जब अमित गुप्ता ने उसे रोकने की कोशिश की तो अटेंडेंट ने उनके सिर पर वार कर दिया। हमले में गुप्ता बुरी तरह घायल हो गए। इसके बाद उन्हें मेंदाता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये पूरी घटना 10 सितंबर को गुरुग्राम के सेक्टर 58 की है।

पांच वाहनों को टक्कर मारकर होटल में घुसी बस, 50 घायल

रंगा रेड्डी, आरएनएन। तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले में एक भयानक सड़क हादसा हुआ है। यहां शमशाबाद में एक कंटेनर ट्रक बिजली के पोल से टकरा गया। इसके बाद एक बस भी पोल से टकरा गई। पोल को टक्कर मारते हुए बस ने मारुति अर्टिगा, मारुति ओमनी, मारुति स्विफ्ट और एक बाइक को टक्कर भी टक्कर मार दी। सभी गाड़ियों को टक्कर मारते हुए बस एक होटल में जा घुसी। इस कारण होटल के अंदर चूल्हा जलने की वजह से आग लग गई। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पा लिया। इस पूरी घटना में करीब 50 लोग घायल हैं। फिलहाल सभी घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि बस ड्राइवर की हालत गंभीर है।

शिवकुमार बोले- अमेरिका तक कॉपी हो रहा कांग्रेस का मॉडल

बेंगलुरु,आरएनएन। कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक प्रस्ताव को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की गारंटी योजनाओं की नकल पहले देश के कई राज्यों ने की। अब अमेरिका में भी इसी तरह की योजना की बात हो रही है। शिवकुमार ने दावा किया कि ट्रंप का हर वयस्क अमेरिकी को 5,000 डॉलर देने का प्रस्ताव कर्नाटक के कांग्रेस सरकार के गारंटी मॉडल जैसा है।

स्पाइसजेट की फ्लाइट में एसी खराब होने से यात्री हुए बेहाल

नई दिल्ली, आरएनएन। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रनवे पर खड़ी स्पाइसजेट की एक फ्लाइट में गर्मी से बेहाल होना पड़ा। यात्रियों ने कहा कि दिल्ली से गोरखपुर जा रही स्पाइसजेट की फ्लाइट (एसजी 2471) में अचानक एयर-कंडीशनर (एसी) खराब हो गया। लगभग दो घंटे तक यात्रियों को बिना एसी के प्लेन के भीतर गर्मी में बैठाकर रखा गया। यात्रियों का कहना है कि एसी नहीं चलने के कारण फ्लाइट के अंदर का माहौल इतना दमघोंटू हो गया कि किताबों से हवा करने लगे। यह पूरी घटना 13 सितंबर की है।

विधानसभा उपचुनाव: टीएमसी के बागी गुट ने भी उतारे प्रत्याशी

कोलकाता, आरएनएन। पश्चिम बंगाल विधानसभा उपचुनाव के लिए टीएमसी के बागी गुट ने भी रेजीनगर और नंदीग्राम सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। बागी गुट ने रेजीनगर से सफीउद्दीन शेख और नंदीग्राम विधानसभा सीट से मो. एतेशामुल हक को चुनाव मैदान में उतारने का फैसला किया गया है। वहीं, एक दिन पहले ही टीएमसी ने भी नंदीग्राम से संचिता प्रधान (डे) और रेजीनगर से रबीउल आलम चौधरी को चुनावी मैदान में उतारा है।

रक्षा मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट में हुआ खुलासा

एलएसी पर कम हो रही है चीनी सेना की तैनाती

● नई दिल्ली,

भारत-चीन सीमा से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। रक्षा मंत्रालय की 2025-26 की सालाना रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में उत्तरी सीमाओं पर चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी यानी पीएलए की तैनाती में बड़ी कमी देखी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, चीन ने वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी के सामने अपनी तैनाती घटाई है और अब उत्तरी सीमाओं और पारंपरिक ट्रेनिंग इलाकों में करीब 10 कंबाइंड आर्म्स ब्रिगेड के बराबर बल तैनात हैं।

रक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की तरफ से सभी एलएसी सेक्टर में सेना की तैनाती मजबूत बनी हुई है। भारतीय सेना किसी भी उभरती चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार और सही स्थिति में है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत-चीन के बीच सकारात्मक राजनीतिक, कूटनीतिक और सैन्य स्तर की बातचीत से उत्तरी सीमाओं पर हालात में ज्यादा स्थिरता आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत और चीन के बीच सैन्य स्तर पर बातचीत भी फिर शुरू हुई है। इसमें अक्टूबर 2025 में पूर्वी लद्दाख में हुई 23वीं कोर कमांडर स्तर की बैठक भी शामिल है। दोनों देशों के बीच सैन्य बातचीत के जरिए सीमा से जुड़े मुद्दों को सुलझाने और तनाव कम करने की कोशिश जारी है। इसके अलावा पीएलए के साथ बॉर्डर पर्सनल मीटिंग यानी बीपीएम भी सभी सेक्टर में जारी हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन बैठकों का माहौल सौहार्दपूर्ण रहा है और इनके जरिए दोनों पक्षों से जुड़े मुद्दों को उठाया और सुलझाया जा रहा है।

भारत ने बनाई मजबूत पकड़

रक्षा मंत्रालय ने अपनी रिपोर्ट में ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की मल्टी-डोमेन क्षमता, इंटेलिजेंस में बढ़त, तकनीकी ताकत और तीनों सेनाओं की संयुक्त ऑपरेशनल तैयारी को दिखाया। ऑपरेशन के बाद सेना ने अपनी क्षमताओं और कमियों की समीक्षा भी की। इसके बाद फोर्स रिस्ट्रक्चरिंग, तीनों सेनाओं के बीच ज्यादा जॉइंटनेस और नई तकनीकों पर फोकस बढ़ाया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बदलते सुरक्षा हालात को देखते हुए भारतीय सेना अपनी तैयारी और क्षमताओं को लगातार मजबूत कर रही है।

दिल्ली दंगा मामले में 5 दोषी करार

● नई दिल्ली,

दिल्ली दंगों के दौरान भजनपुरा के पेट्रोल पंप के पास हुई हिंसा के मामले में कड़कड़डूमा कोर्ट ने पांच आरोपितों को दंगा करने, गैर-कानूनी भीड़ का हिस्सा बनने, सरकारी काम में बाधा डालने और पुलिस पर हमला करने का दोषी ठहराया है।

दोषी ठहराए गए आरोपितों में आरिफ, मोहम्मद खालिद, अब्दुल सत्तार, तनवीर अली और हुनैन शामिल हैं। हालांकि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रवीण सिंह की अदालत ने पेट्रोल पंप में आग लगाने, वाहनों को जलाने, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, घातक हथियारों से लैस होने और आम नागरिकों को गंभीर चोट पहुंचाने के आरोपों को पर्याप्त साक्ष्यों के अभाव में खारिज कर दिया। दोषियों की सजा पर 16 सितंबर को सुनवाई होगी।

मामला भजनपुरा थाने में एएसआइ अरविंद कुमार की शिकायत पर दर्ज हुआ था। शिकायत के अनुसार 24 फरवरी 2020 को दोपहर करीब एक बजे पुलिस टीम नूरे इलाही क्षेत्र में तैनात थी। करीब दो बजे सूचना मिली कि भजनपुरा पेट्रोल पंप के पास बड़ी संख्या में लोग जुट रहे हैं।

बहुचर्चित बांग्लादेशी फर्जी पासपोर्ट मामला

असम में रियाल के पूर्वजों और पारिवारिक रिकॉर्ड की जांच

● भोपाल

बहुचर्चित बांग्लादेशी फर्जी पासपोर्ट कांड की जांच अब असम तक पहुंच गई है। स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की एक टीम असम में डेरा डाले हुए है और मुख्य आरोपी रियाल चौधरी के पूर्वजों तथा उसके पारिवारिक रिकॉर्ड की पड़ताल कर रही है। जांच के दौरान रियाल चौधरी ने बयान दिया था कि उसके पूर्वज बांग्लादेश से असम आए थे।

मुख्य आरोपी रियाल चौधरी के बयान पर एसटीएफ पहुंची

इसी बयान के सत्यापन के लिए एसटीएफ वहां सरकारी अभिलेख खंगालने के साथ स्थानीय लोगों से भी पूछताछ कर रही है। एसटीएफ के अनुसार भोपाल के अशोक विहार स्थित एक ही पते से करीब 40 पासपोर्ट जारी किए गए थे, जबकि 17 पासपोर्ट डबरा से बनवाए गए थे। इन सभी मामलों में एसटीएफ यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि फर्जी पहचान और दस्तावेजों के जरिए कितने लोगों ने भारतीय पासपोर्ट हासिल किए। कितने लोगों ने विदेश यात्रा की और अब वह कहां है? मामले की गंभीरता को देखते हुए एसटीएफ की कई टीमें देश के अलग-अलग हिस्सों में सक्रिय हैं। आरोपियों और संदिग्धों की तलाश के लिए 10 राज्यों में 5 टीमों द्वारा दबिश दी जा रही है।

एक दर्जन पुलिस अफसरों के बैंक खातों की जांच

एसटीएफ के एसपी राजेश भदौरिया ने बताया कि मामले में शामिल आरोपियों की तलाश लगातार जारी है। विभिन्न राज्यों में टीमें कार्रवाई कर रही हैं, जबकि एक विशेष टीम असम में रियाल चौधरी के पूर्वजों और उसकी पारिवारिक पृष्ठभूमि से संबंधित जानकारी जुटाने में लगी हुई है। जल्द ही कुछ और महत्वपूर्ण खुलासे होने की संभावना है। इस मामले में आपका चार आरोपियों को एसटीएफ में गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक दर्जन पुलिस कर्मियों की बैंक खातों और उनकी पोस्टिंग की जांच की जा रही है। एसटीएफ यह पता लग रही है कि पासपोर्ट बनने के कौन-कौन से पुलिस अधिकारी की क्या भूमिका रही है।

हिंदी किसी भाषा की प्रतिद्वंद्वी नहीं

● नई दिल्ली

हिंदी दिवस के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भारत की भाषाई विविधता और सांस्कृतिक समृद्धि का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में बोली जाने वाली अलग-अलग भाषाएं किसी कमजोरी का संकेत नहीं, बल्कि भारत की सबसे बड़ी ताकत हैं।

शाह ने कहा, हर भाषा अपने साथ इतिहास, लोक परंपराएं और दुनिया को देखने का अलग नजरिया लेकर चलती है। ये सभी मिलकर नई पीढ़ी के मूल्यों को आकार देती हैं। भारत में मौजूद भाषाई विविधता ही देश की विविधता में एकता की भावना को और मजबूत करती है। गृह मंत्री ने कहा कि हिंदी का उद्देश्य दूसरी भारतीय भाषाओं से प्रतिस्पर्धा करना नहीं है। इसके बजाय हिंदी देश की अलग-अलग भाषाओं के बीच सार्थक संवाद को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने वाली महत्वपूर्ण कड़ी के तौर पर काम करती है। उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास इस बात का प्रमाण है कि अलग-अलग मातृभाषाओं से जुड़े लोगों ने हिंदी को व्यापक संवाद की भाषा बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

सिब्बल ने गिनाईं पीएम मोदी की उपलब्धियां

● नई दिल्ली,

ब्रिक्स समिट को बताया सफल

देश की सियासत में पहली बार ऐसा देखने को मिल रहा है कि राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल भी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को सफल बता रहे हैं और सर्वसम्मति से पास दिल्ली डिक्लेरेशन के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार की सराहना कर रहे हैं।

सिब्बल ने ब्रिक्स समिट को लेकर कहा है, मुझे लगता है कि इतने अलग-अलग तरह के देशों का एक ऐसा समूह बन गया है कि कोई विशेष प्रस्ताव रखना मुश्किल है। इसलिए मैंने शुरू में ही कहा कि यही अपने आप में एक बड़ी उपब्धि है। हमारे देश के द्वारा एक प्रस्ताव रखा गया और उसपर कोई विवाद नहीं हुआ। विपक्षी सांसद ने कहा कि अब मुद्दा ये है कि जैसा कि हमने घोषणा की है, जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री ने कहा है कि ब्रिक्स किसी के खिलाफ नहीं है।

यह किसी के खिलाफ हो भी नहीं सकता। हम रूस से भी खुद को दूर नहीं कर सकते, उसके साथ हमारी रणनीतिक साझेदारी है और हम रूसी डिफेंस सिस्टम पर निर्भर हैं, इसलिए हम रूस से भी अलग हो नहीं सकते। चीन इतना प्रभावी है कि जो चीन कहेगा उससे इनकार भी नहीं कर सकते, लेकिन हां भी नहीं कर सकते। अगर हम अमेरिका के खिलाफ बोलेंगे तो आतंकवाद बढ़ जाएगा।

पीएम मोदी ने किए बप्पा के दर्शन

नई दिल्ली, आरएनएन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गणेश चतुर्थी के मौके पर भगवान गणेश के दर्शन किए। पीएम मोदी केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के आवास पर पहुंचे। यहां उन्होंने गणपति बप्पा की पूजा की। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी भी दी। उन्होंने भगवान गणेश से सभी के सुख और कल्याण की प्रार्थना की। केंद्रीय मंत्री गोयल ने पीएम मोदी के अपने आवास पर पहुंचने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का उनके और उनके परिवार के बीच मौजूद रहना उनके लिए सौभाग्य की बात है।

बीजेपी उम्मीदवार को मिला महज 1 वोट

जयपुर,आरएनएन। राजस्थान के डीडवाना-कुचामन जिले के परबतसर नगर पालिका चुनाव का एक नतीजा इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। यहां अलग-अलग वार्डों में बीजेपी और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रत्याशियों को महज एक-एक वोट मिला। खास बात यह है कि भाजपा प्रत्याशी कैलाश चंद्र जिस वार्ड से चुनाव लड़ रहे थे, वहां उनका खुद का वोट भी नहीं था। राजस्थान के निकाय चुनाव में परबतसर नगर पालिका का एक मामला सोशल मीडिया और स्थानीय स्तर पर चर्चा में है। वार्ड नंबर 13 से भाजपा प्रत्याशी कैलाश चंद्र को सिर्फ एक वोट मिला, जबकि वार्ड नंबर 20 से आरएलपी के प्रत्याशी भंवरलाल भी महज एक वोट हासिल कर सके। रिजल्ट आने के बाद सबसे ज्यादा चर्चा भाजपा प्रत्याशी कैलाश चंद्र के एक वोट को लेकर हो रही है।

राजस्थान निकाय चुनाव में बीजेपी का दबदबा

राजस्थान में 309 नगरीय निकायों में सदस्य पदों के लिए हुए चुनाव की मतगणना में सोमवार को 10, 235 निकाय सदस्यों के परिणाम जारी कर दिये गये जबकि नौ वार्डों का परिणाम आना शेष हैं। निर्वाचन विभाग के अनुसार अब तक जारी किए 10,235 के परिणामों में भाजपा के 4179, कांग्रेस के 3613, रालोपा 63, आम आदमी पार्टी 42, माकपा के 38, बसपाके 19, भारत आदिवासी पार्टी के आठ और निर्दलीय 2273 प्रत्याशी विजयी रहे हैं। इस चुनाव में सत्तारुढ़ भाजपा 4179 सीटों के साथ सर्वाधिक सीटों पर जीत दर्ज की है। जिन नौ वार्डों के परिणाम शेष रहे हैं उनमें जयपुर नगर निगम के चार वार्ड, कोटा नगर निगम के तीन, जोधपुर नगर निगम का एक तथा कोटा जिले की सुकेत नगरपालिका का एक वार्ड शामिल हैं।

TMC के 17 बागी सांसद अब भाजपा में होंगे शामिल

दल-बदल विरोधी कानून से बचने के लिए उठाया कदम

● कोलकाता / आरएनएन

दुर्गा पूजा से पहले बंगाल में बड़े राजनीतिक बदलाव की संभावना

राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद तृणमूल कांग्रेस छोड़कर एनसीपीआइ में गए 20 विद्रोही सांसदों में से 17 के भाजपा में शामिल होने का दावा कूचबिहार के सांसद जगदीशचंद्र बर्मा बसुनिया ने किया है।

उन्होंने कहा कि मुर्शिदाबाद के तीन मुस्लिम सांसद अबू ताहेर खान, खलिलुर रहमान और यूसुफ पठान भाजपा में शामिल नहीं होंगे, लेकिन उन्हें विभिन्न मंत्रालय दिए जाएंगे और वे एनडीए का समर्थन करेंगे। अबू ताहेर ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि तीनों न भाजपा में जाएंगे और न एनडीए में शामिल होंगे। जगदीश ने कहा कि 17 सांसदों के भाजपा में शामिल होने की योजना तैयार है और पूजा से पहले यह प्रक्रिया पूरी हो सकती है। तीन मुस्लिम सांसदों के भाजपा में शामिल नहीं होने के कारण 20 सांसदों को पहले एनसीपीआई में शामिल कराया गया था। उनका दावा है कि भाजपा नेताओं की पहल पर यह व्यवस्था की गई थी। अबू ताहेर ने कहा कि जगदीश को उनके भविष्य के राजनीतिक कार्यक्रम की घोषणा करने का अधिकार नहीं है। तीनों सांसद पहले भी स्पष्ट कर चुके हैं कि वे भाजपा या एनडीए में नहीं जाएंगे।

अशोकनगर के विक्रमपुर गांव में दर्दनाक हादसा

खेलते-खेलते कुएं में गिरे चार सगे भाई, चारों की डूबने से मौत

मृतकों की पहचान 9 साल के देव, 7 साल के त्रिदेव, 6 साल के महादेव व 4 साल के प्रियंश के रूप में हुई

● अशोकनगर

ग्रामीण ने देखे कुएं में बच्चों के शव

अशोकनगर जिले के चंदेरी क्षेत्र के विक्रमपुर गांव में सोमवार को एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। एक ही परिवार के चार मासूम भाइयों की खेत में बने कुएं में डूबने से मौत हो गई।

चारों बच्चों की उम्र 10 वर्ष से कम थी। सुबह घर से खेलने के लिए निकले भाई कब गांव की सीमा पार कर खेतों तक पहुंच गए, इसका परिवार को पता ही नहीं चला। दोपहर में कुएं से शव मिलने के बाद हादसे की जानकारी सामने आई। मृतकों की पहचान देव (9), त्रिदेव (7), महादेव (6) और प्रियंश (4) के रूप में हुई है। चारों बच्चे विक्रमपुर निवासी बलवीर कुशवाहा के बेटे थे। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में मातम पसर गया।

दोपहर करीब 2 बजे एक ग्रामीण की नजर खेत में बने कुएं की ओर गई। कुएं में शव दिखाई देने पर उसने ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना बच्चों के परिजनों और पुलिस को दी गई। चारों बच्चों के शव कुएं से बाहर निकाले गए। सूचना मिलने पर चंदेरी पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। शवों को चंदेरी सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां शाम को पोस्टमॉर्टम कराया गया। उसके बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए।

अलग रूप पराग शाह ने गुरु के कहने पर एक दिन के लिए बदला कैरेक्टर

मुंबई में भिखारी बनकर घूमा अरबपति विधायक

● मुंबई/

मुंबई के घाटकोपर ईस्ट से बीजेपी विधायक और महाराष्ट्र के सबसे अमीर विधायकों में गिने जाने वाले पराग शाह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में वह भिखारी के कपड़ों में सड़कों पर घूमते नजर आ रहे हैं। उन्हें इस रूप में देखकर लोग हैरान रह गए, क्योंकि आमतौर पर पराग शाह एक बड़े कारोबारी और प्रभावशाली नेता के तौर पर पहचाने जाते हैं। उनकी कुल संपत्ति करीब 3,000 करोड़ रुपये है।

जानकारी के मुताबिक, पराग शाह ने एक जैन धर्मगुरु की सलाह पर यह अनोखा प्रयोग किया। गुरु ने उन्हें जीवन की वास्तविकताओं को करीब से समझने और विनम्रता का अनुभव करने के लिए एक दिन भिखारी के वेश में बिताने की सलाह दी थी। दिलचस्प बात यह रही कि पूरे दिन सड़कों पर घूमने के बावजूद ज्यादातर लोग उन्हें पहचान नहीं पाए। आम लोगों की तरह उन्होंने सड़कों पर समय बिताया और लोगों की प्रतिक्रियाओं को करीब से देखा।

इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर इसकी काफी चर्चा हो रही है। कुछ लोग इसे आत्मचिंतन और सादगी से जोड़कर देख रहे हैं, तो कुछ इसे एक अनोखा सामाजिक प्रयोग बता रहे हैं।

कौन हैं पराग शाह?

पराग शाह बीजेपी विधायक हैं और बड़े कारोबारी हैं। उनकी गिनती देश के सबसे अमीर विधायकों में होती है। उन्होंने अपने चुनावी सफर की शुरुआत साल 2017 में बीएमसी के चुनाव से की थी, जहां उन्होंने वार्ड नंबर 132 से पार्षद का चुनाव जीता था। साल 2019 में बीजेपी ने घाटकोपर पूर्व से पराग शाह को उम्मीदवार बनाया था। इस चुनाव में उन्होंने भारी मतों से जीत हासिल की। 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में उन्होंने इसी सीट से फिर चुनाव जीता। पराग शाह अपनी भारी-भरकम संपत्ति के लिए देश भर में जाने जाते हैं। साल 2024 के चुनावी हलफनामे के अनुसार, पराग शाह और उनकी पत्नी की कुल संपत्ति 3383 करोड़ से ज्यादा है, जो उन्हें महाराष्ट्र का सबसे अमीर विधायक और देश के सबसे अमीर विधायकों की लिस्ट में शामिल करती है। राजनीति में आने से पहले पराग शाह एक बेहद सफल रियल एस्टेट डेवलपर रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट की बड़ी सौगात, अब हिन्दी में आएगा फैसले का सारांश

● नई दिल्ली

हिंदी दिवस यानी 14 सितंबर के मौके पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने देशवासियों को बड़ी सौगात दी है। सुप्रीम कोर्ट ने अब हिंदी में एक नई पब्लिक इन्फॉर्मेशन सर्विस (जन-सूचना सेवा) शुरू करने की घोषणा की। इसके तहत, चुने हुए अहम फैसलों और आदेशों का आसान हिंदी सारांश उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही, मुख्य फैसलों को समझाने के लिए रोजाना 15-30 मिनट के ऑडियो और वीडियो बुलेटिन भी जारी किए जाएंगे। हिंदी दिवस पर घोषित इस पहल का मकसद सुप्रीम कोर्ट के अहम फैसलों और उनके असर को आम नागरिकों और मुकदमेबाजों तक आसानी से पहुंचाना है, खासकर उन लोगों तक जिन्हें लंबे कानूनी दस्तावेज पढ़ने या समझने में मुश्किल होती है।

एक प्रेस बयान में कहा गया है कि जरूरी इंतजाम पूरे होने के बाद जल्द ही यह हिंदी सेवा शुरू कर दी जाएगी। हर सारांश के साथ संबंधित आधिकारिक फैसले या आदेश का लिंक भी दिया जाएगा, ताकि यूजर्स कोर्ट के असली दस्तावेज तक पहुंच सकें। अधिक समावेशी बनाने के उद्देश्य से हिंदी में नई जन सूचना सेवा शुरू करने की ये घोषणा की है। यह पहल इसलिए जरूरी है कि अदालतों के फैसलों में कानूनी शब्दावली और जटिल भाषा का इस्तेमाल होता है।

विश्वनाथ मंदिर के सीईओ पद से हटाए गए मिश्रा

वाराणसी, आरएनएन। उत्तर प्रदेश में प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल किया गया है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर एवं विशिष्ट क्षेत्र वाराणसी विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्रा को उनके पद से हटा दिया गया है। विश्वभूषण मिश्रा को अब उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग में उपसचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

प्रशासनिक फेरबदल के तहत कई अधिकारियों की जिम्मेदारियों में बदलाव किया गया है। विश्वभूषण मिश्रा की नई तैनाती उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग में की गई है, जहां वह उपसचिव के तौर पर काम करेंगे। विश्वभूषण मिश्रा को अब मंदिर प्रशासन से जुड़ी जिम्मेदारी के बजाय उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग में उपसचिव का पद संभालना होगा।

शाहपुरा में कांग्रेस का कब्जा, भाजपा का 'ट्रिपल इंजन' दावा हुआ ध्वस्त!

35 वार्डों में कांग्रेस 22 पर, भाजपा सिर्फ 8 पर सिमटी; 5 निर्दलीयों ने भी मारी बाजी

विधायक डॉ. लालाराम बैरवा के गढ़ में कांग्रेस ने छीन लिया पालिका बोर्ड...

नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सेन बोले—'जनता ने भाजपा के ट्रिपल इंजन को पंक्चर कर दिया'

स्मार्ट हलचल

शाहपुरा /शाहपुरा नगर पालिका चुनाव के नतीजों ने शहर की सियासत का पूरा गणित बदल दिया है। भाजपा की प्रदेश में सरकार, शाहपुरा में भाजपा विधायक और निवर्तमान पालिका बोर्ड में भाजपा का दबदबा—इन तमाम सियासी समीकरणों के बावजूद जनता ने नगर पालिका की सत्ता का ग्रेस के हाथों सौंप दी।

शाहपुरा नगर पालिका के 35 वार्डों के चुनाव परिणामों में कांग्रेस ने 22 सीटों पर जीत दर्ज कर स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है।

भाजपा को महज 8 सीटों पर संतोष करना पड़ा, जबकि 5 वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशियों ने बाजी मार ली।

यानी अब शाहपुरा की नगर सरकार बनाने के लिए कांग्रेस को किसी जोड़-तोड़ या बाहरी सहारे की जरूरत नहीं है। 22 पार्षदों के साथ कांग्रेस बहुमत के आंकड़े से काफी आगे निकल गई है।

और यही इस चुनाव का सबसे बड़ा सियासी संदेश है।

भाजपा के 'ट्रिपल इंजन' पर जनता का ब्रेक!

चुनाव से पहले भाजपा की ओर से शाहपुरा में 'ट्रिपल इंजन सरकार' का नारा जोर-शोर से सामने आया था। प्रदेश में भाजपा की सरकार, शाहपुरा से भाजपा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा और नगर पालिका में भाजपा का बोर्ड—इन तीनों को विकास के लिए मजबूत राजनीतिक ताकत के तौर पर पेश किया गया था।

लेकिन चुनाव परिणाम ने इस पूरे राजनीतिक समीकरण को उलट दिया।

जनता ने पालिका की चाबी भाजपा के बजाय कांग्रेस को थमा दी।

नगर कांग्रेस अध्यक्ष और वार्ड 15 से विजयी रमेश सेन ने परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा—

'जनता ने भाजपा के ट्रिपल इंजन को पंक्चर कर दिया।'

रमेश सेन के इस बयान ने शाहपुरा के चुनावी परिणाम की राजनीतिक तस्वीर को एक ही लाइन में समेट दिया।

विधायक भाजपा के, लेकिन बोर्ड कांग्रेस का

शाहपुरा चुनाव परिणाम की सबसे बड़ी राजनीतिक चर्चा यही है कि शहर में भाजपा के विधायक डॉ. लालाराम बैरवा होने के बावजूद नगर पालिका में कांग्रेस ने स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया।

भाजपा के लिए यह परिणाम इसलिए भी बड़ा झटका माना जा रहा है क्योंकि चुनाव के दौरान पार्टी ने स्थानीय स्तर पर विकास और सत्ता के बेहतर समन्वय को लेकर मतदाताओं के सामने अपना पक्ष रखा था। वहीं कांग्रेस ने स्थानीय मुद्दों, पार्टी के अंदरूनी समीकरणों और भाजपा के प्रति नाराजगी को अपने पक्ष में भुनाने की कोशिश की।

अब परिणाम सामने हैं और आंकड़े साफ हैं—

कांग्रेस—22

भाजपा—8

निर्दलीय—5

राजनीति में इससे बड़ा फैसला और क्या होगा?

टिकट वितरण की नाराजगी भी बनी चर्चा का मुद्दा

चुनाव के दौरान भाजपा में टिकट वितरण को लेकर असंतोष की चर्चाएं सामने आई थीं। कई वार्डों में टिकट को लेकर स्थानीय स्तर पर नाराजगी और बागी तेवरों की चर्चा रही।

इसके साथ ही शाहपुरा जिला बहाली आंदोलन और विधायक की कार्यशैली को लेकर मतदाताओं के बीच चल रही चर्चाएं भी चुनावी माहौल का हिस्सा बनीं।

हालांकि इन कारणों का वास्तविक प्रभाव कितना रहा, इसका सटीक आकलन अलग-अलग राजनीतिक विश्लेषण का विषय हो सकता है, लेकिन परिणामों ने यह जरूर साबित किया कि भाजपा अपने पिछले स्थानीय निकाय प्रदर्शन को दोहरा नहीं सकी।

कांग्रेस ने 22 सीटों के साथ एकतरफा बढ़त बना ली।

कांग्रेस खेमे में जश्न, सड़कों पर निकला विजय जुलूस

मतगणना के दौरान जैसे-जैसे कांग्रेस के पक्ष में परिणाम आते गए, पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ता गया। अंतिम तस्वीर साफ होते ही कांग्रेस खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई। मतगणना केंद्र और बस स्टैंड क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्र हुए। विजयी प्रत्याशियों को बधाइयां दी गईं और कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकालकर जीत का जश्न मनाया।

लंबे समय बाद शाहपुरा नगर पालिका की सत्ता कांग्रेस के पक्ष में स्पष्ट बहुमत के साथ आती दिखाई दी तो पार्टी कार्यकर्ताओं के चेहरों पर जीत की चमक साफ नजर आई।

अब अगला सवाल—कौन बैठेगा चेयरमेन की कुर्सी पर?

चुनाव परिणाम ने कांग्रेस के सामने जीत की खुशी के साथ अगला बड़ा सवाल भी खड़ा कर दिया है।

चेयरमेन कौन?

कांग्रेस के पास 22 पार्षद हैं और बहुमत स्पष्ट है। ऐसे में अब सबसे ज्यादा चर्चा अध्यक्ष पद को लेकर होगी।

नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सेन ने खुद वार्ड 15 से चुनाव जीत दर्ज की है। इसके अलावा कांग्रेस खेमे में कई अनुभवी चेहरे भी जीतकर आए हैं।

अब कांग्रेस के सामने चुनौती सरकार बनाने की नहीं, बल्कि अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति बनाने की है।

राजनीति का अगला अध्याय यहीं से शुरू होगा।

क्योंकि चुनाव जीतना एक बात है... लेकिन 22 पार्षदों को एक साथ लेकर अध्यक्ष की कुर्सी तक पहुंचना दूसरी बात।

35 वार्डों का पूरा चुनावी हिसाब

शाहपुरा नगर पालिका के 35 वार्डों में मतदाताओं ने इस बार किसे चुना, तस्वीर इस प्रकार रही—

वार्ड	विजेता	दल
1	तबस्सुम बानू	कांग्रेस
2	युवराज रेगर	कांग्रेस
3	जाकिर देशवाली	कांग्रेस
4	चांद मोहम्मद रंगरेज	निर्दलीय
5	युसुफ मोहम्मद	निर्दलीय
6	नतन ओझा	कांग्रेस
7	राजेंद्र बोहरा	भाजपा
8	मधु सर्वा	कांग्रेस
9	रचना मिश्रा	कांग्रेस
10	नाथू कोली	कांग्रेस
11	योगेश पारीक	निर्दलीय
12	भावना सेन	कांग्रेस
13	रेखा देवी	कांग्रेस
14	सुरेश कहार	भाजपा
15	रमेश सेन	कांग्रेस
16	बालमुकंद तोषनीवाल	कांग्रेस
17	किशन कहार	कांग्रेस
18	लादूराम चावला	कांग्रेस
19	ममता चावला	कांग्रेस
20	सनील चौधरी	कांग्रेस
21	निरमा बाबर	भाजपा
22	प्रवीण सोनी	भाजपा
23	मधु पोंडरीक	कांग्रेस
24	सुरेश घुसर	निर्दलीय
25	मोहन गुर्जर	भाजपा
26	मोहम्मद इशाक	कांग्रेस
27	शमीम बानू	कांग्रेस
28	नारायण कहार	भाजपा
29	ललिता कहार	भाजपा
30	राजू कहार	निर्दलीय
31	चेतन रेगर	कांग्रेस
32	शांति कहार	कांग्रेस
33	दीपिका वैष्णव	भाजपा
34	युसुफ खान	कांग्रेस
35	विशाल मीणा	कांग्रेस

कांग्रेस के 22, भाजपा के 8 और निर्दलीयों के 5

पूरे परिणाम को अगर आंकड़ों की भाषा में देखें तो तस्वीर और भी स्पष्ट है।

35 में 22 सीटें कांग्रेस के खाते में गईं।

यानी कांग्रेस को कुल वार्डों के 60 प्रतिशत से ज्यादा में जीत मिली।

भाजपा 8 वार्डों तक सीमित रही, जबकि 5 निर्दलीय भी अपनी राजनीतिक जमीन बचाने में सफल रहे।

निर्दलीयों की पांच सीटें भी आने वाले समय में स्थानीय राजनीति में अपनी अलग भूमिका निभा सकती हैं, लेकिन मौजूदा आंकड़ों में कांग्रेस को किसी समर्थन की आवश्यकता नहीं है।

शाहपुरा की सियासत में नई पारी

यह परिणाम सिर्फ नगर पालिका के बोर्ड बदलने तक सीमित नहीं माना जाएगा।

इसके राजनीतिक मायने भी निकाले जाएंगे।

भाजपा के लिए यह आत्ममंथन का समय है—

कहां समीकरण बिगड़े?

कहां प्रत्याशी चयन भारी पड़ा?

कहां स्थानीय नाराजगी वोट में बदली?

और सबसे बड़ा सवाल—विधायक के प्रभाव के बावजूद पालिका में पार्टी बहुमत क्यों नहीं ला सकी?

दूसरी ओर कांग्रेस के सामने अब जीत को विकास में बदलने की चुनौती होगी।

जनता ने कांग्रेस को 22 पार्षद देकर स्पष्ट जनादेश दिया है। अब जनता की निगाहें इस बात पर रहेंगी कि नई नगर पालिका किस तरह शहर की समस्याओं और लंबित विकास कार्यों को आगे बढ़ाती है।

चुनाव खत्म... लेकिन शाहपुरा की राजनीति अभी शुरू हुई है

शाहपुरा के मतदाताओं ने अपना फैसला सुना दिया है।

भाजपा के पास सरकार थी, विधायक था और निवर्तमान बोर्ड का अनुभव था।

कांग्रेस के पास विपक्ष की भूमिका थी।

निर्दलीयों के पास अपने-अपने वार्डों का समीकरण था।

लेकिन जब वोट गिने गए तो तस्वीर बदल चुकी थी।

कांग्रेस 22—बहुमत के साथ सत्ता के दरवाजे पर।

भाजपा 8—सत्ता से बाहर।

निर्दलीय 5—अपनी ताकत के साथ मैदान में।

अब शाहपुरा की राजनीति का अगला सवाल यही है—

22 पार्षदों वाली कांग्रेस में चेयरमेन कौन?

और उससे भी बड़ा सवाल—

क्या कांग्रेस इस जनादेश को शाहपुरा के विकास के जनादेश में बदल पाएगी?

मतदाता ने अपना काम कर दिया है।

अब बारी नई नगर सरकार की है।

गंगापुर नगरपालिका चुनाव

कांग्रेस 14, भाजपा 9, निर्दलीय 2 सीटों पर विजयी, (अध्यक्ष पद को लेकर सियासी गहमागहमी तेज)

स्मार्ट हलचल

गंगापुर /नगरपालिका चुनाव के नतीजे गुरुवार को घोषित हो गए। 25 वार्डों के परिणामों के अनुसार कांग्रेस ने 14 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा हासिल किया, जबकि भाजपा को 9 सीटें मिलीं। दो सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशी विजयी रहे। कांग्रेस अब तीसरी बार अध्यक्ष पद पर अपनी दावेदारी मजबूत क रने कीतैयारी में है,जिससे नगरपालिका में सियासी घमासान तेज हो गया है।मतगणना स्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गएथे। डीएसपी सुदर्शन पालीवाल और थाना प्रभारी पूरणमल मीणा मुस्तैद रहे। निर्वाचन अधिकारी विवेक गुर्जर की निगरानी में मतगणना संपन्न हुई और सभी 25 वार्डों के नतीजे घोषित किए गए। वार्ड 2 में कांग्रेस प्रत्याशी रश्मि चौहान ने 437 मतों के बड़े अंतर से धमकेदार जीत दर्ज कीवार्ड 16 में

कांग्रेस के भोलाराम माली 355 मतों से विजयी रहे।वार्ड 23 में रेखा हिरण (कांग्रेस) ने 239 मतों से शानदार जीत हासिल की। वार्ड 11 में भाजपा के तुषार अग्रवाल 239 मतों से जीते।वार्ड 14 में भाजपा के राजकुमार तेली ने 153 मतों से जीत दर्ज की। वार्ड 22 में भाजपा के विंकल सिंघवी 186 मतों से विजयी रहे।वार्ड 12 में निर्दलीय पवन सिंह भाटी ने मात्र 25 मतों से चौंकाने वाली जीत हासिल की।वार्ड 19 में निर्दलीय प्रियंका सोनी (पूर्व अध्यक्ष चमन सोनी की पुत्रवधू) 14 मतों से विजयी रहीं।अध्यक्ष पद की रेस में कांग्रेस की ओर से प्रीति काकाणी, गीता देवी चंदेल, रेखा हिरण, ललिता सांखला और रश्मि चौहान के नाम मजबूत दावेदार के रूप में चर्चा में हैं। रश्मि चौहान की वार्ड 2 में बड़ी जीत ने उनकी दावेदारी को और मजबूत कर दिया है। कांग्रेस की तीसरी बार अध्यक्ष पद पर नजर है। अब चेयरमैन की कुर्सी को लेकर दोनों प्रमुख दलों और निर्दलीय सदस्यों के बीच सियासी गहमागहमी और तेज होने की संभावना है।

शांतिभवन सेन्थी में लग रही तपस्या की लड़ी, सेकड़ो समाजजनों रोज पहुंच रहे प्रवचन में

स्मार्ट हलचल

शंभूपुरा। चित्तौड़गढ़ शहर के उपनगरीय क्षेत्र सेन्थी स्थित शांति भवन में पर्यूषण पर्व के सप्तम् दिवस श्री प्रेरणा श्री जी म0 सा0 ने अन्तगढ़ दशांक सूत्र का वाचन किया। स्पष्टवक्ता श्री प्रेक्षा श्री जी ने अपने व्याख्यान मे फरमाया कि धर्म की शरण से ही मुक्ति सम्भव है। दान शील तप तीनों ही भाव पर टिके हुए है। जब तक हमारे शुभ भाव नही बनेंगे सारी क्रियाए अर्थात् दान शील व तप बेकार है। भावना दो प्रकार की होती है शुभ व अशुभ। तराजू में एक तरफ पाप व दूसरी तरफ पुण्य है तो हमें पुण्य का पलड़ा भारी करना चाहते है। इसके लिए मन के विचारों को हल्का करना पड़ेगा। किसी को आगे बढ़ते देखने की प्रवृति आप मे होनी चाहिए पर वर्तमान परिपेक्ष में ऐसा नही है क्योंकि हम अशुभ भाव से ग्रस्त है। आवश्यकता इस बात की है कि धर्म आराधना के क्षेत्र मे हम एक दूसरे की होड़ करे। एक व्यक्ति शिकार के लिए पक्षियों को दाना डालता है व दूसरा परोपकार के लिए। क्रिया वही है किन्तु भाव मे अन्तर है। कागज के फूल जैसी हमारी क्रियाऐं है किन्तु उस क्रिया मे सुगन्ध रूपी भावना का अभाव है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे, श्रीसंघ सेन्थी ने तपस्वियों का बहुमान किया एवं अतिथियों का अभिनन्दन किया।

चम्बल परियोजना पर 16 सितंबर को लगेगा 'पानी का ब्रेक', भीलवाड़ा में सुबह पूरी तरह ठप रहेगी सप्लाई

तिलस्वा-भुजरकला पंप हाउस पर मेंटेनेंस शटडाउन का असर 7 शहर समेत जिले के कई इलाकों में जलापूर्ति होगी प्रभावित

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा / चम्बल भीलवाड़ा पेयजल परियोजना से जुड़े उपभोक्ताओं के लिए जरूरी खबर है। 16 सितंबर, बुधवार को भीलवाड़ा शहर सहित जिले में पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। सुबह के समय पानी की सप्लाई पूरी तरह बाधित रहेगी, जबकि शाम को भी कई इलाकों में आंशिक रूप से पानी नहीं पहुंच पाएगा। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के परियोजना खण्ड-प्रथम के अधिशाषी अभियंता सिद्धार्थ टाक ने बताया कि 15 सितंबर को तिलस्वा एवं भुजरकला में अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (AVVNL) द्वारा रखरखाव कार्य के लिए शटडाउन लिया गया है। इसके चलते दोनों स्थानों के पंप हाउस से पंपिंग बंद रहेगी। पंपिंग ठप होने का सीधा असर WTP आरोली की जलापूर्ति पर पड़ेगा। नतीजतन चम्बल परियोजना से होने वाली जलापूर्ति की व्यवस्था प्रभावित होगी और इसका असर अगले दिन यानी 16 सितंबर की सप्लाई पर साफ दिखाई देगा। विभाग के अनुसार 16 सितंबर को भीलवाड़ा शहर समेत जिले में प्रातःकालीन पेयजल आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित रहेगी, जबकि सायंकालीन आपूर्ति आंशिक रूप से प्रभावित होगी।

मेंटेनेंस का असर, पानी के लिए पहले से रहें तैयार

विभाग ने आमजन से अपील की है कि जलापूर्ति बाधित रहने को देखते हुए 16 सितंबर के लिए आवश्यक पानी का भंडारण पहले से कर लें और पानी का उपयोग सावधानीपूर्वक करें। मेंटेनेंस कार्य पूरा होने के बाद जलापूर्ति व्यवस्था को सामान्य करने का प्रयास किया जाएगा।

स्पष्ट बहुमत से एक सीट दूर रही भाजपा, वही एक वोट से भाजपा पार्षद प्रत्याशी की हुई हार

एक वोट ने बिगाड़ा भाजपा का गणित, निर्दलीयों पर टिकी दोनों दलो की निगाहें

स्मार्ट हलचल

बिजौलियाँ नगरपालिका चुनाव परिणाम में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने से चेयरमैन की कुर्सी को लेकर पेच फंस गया है। नगरपालिका के 25 वार्डों के चुनाव परिणाम में भाजपा के 12, कांग्रेस के 11 और 2 निर्दलीय प्रत्याशी विजयी हुए हैं। चेयरमैन पद के लिए बहुमत का आंकड़ा 13 पार्षदों का है। ऐसे में भाजपा को बहुमत के लिए एक और कांग्रेस को दो पार्षदों के समर्थन की आवश्यकता है। बहुमत के लिए दोनों दलों की नजर अब निर्दलीय पार्षदों पर टिकी हुई है। वार्ड 19 से निर्दलीय पार्षद कुंवर सौभाग्य सिंह और वार्ड 11 से निर्दलीय पार्षद राधेश्याम रेगर से भाजपा और कांग्रेस दोनों ही संपर्क साधने में जुटे हुए हैं।मौजूदा राजनीतिक समीकरणों को देखते हुए चेयरमैन की कुर्सी का फैसला निर्दलीय पार्षदों के रुख पर निर्भर माना जा रहा है। कांग्रेस और भाजपा में से जो भी दल निर्दलीयों को अपने पाले में लाने में सफल रहेगा, चेयरमैन की कुर्सी पर उसी दल का कब्जा होने की संभावना है। इधर, राजनीतिक सरगर्मियों के बीच दोनों प्रमुख दलों के विजयी पार्षदों को मजबूत बाड़ेबंदी में सुरक्षित स्थानों पर रखा गया है। अब सभी की नजर निर्दलीय पार्षदों के रुख और आगामी राजनीतिक समीकरणों पर टिकी हुई है।

एक वोट से बिगडा भाजपा का गणित-

वार्ड नंबर 13 से कांग्रेस प्रत्याशी आशा जैन एक वोट से विजय रही जिसके कारण भाजपा को एक सीट गवानी पड़ी इसी के चलते हैं अगर इस एक वोट से अगर भाजपा प्रत्याशी की जीत होती तो भाजपा को 25 में से 13 पार्षद जीत के रूप में मिलते जिससे भाजपा को चेयरपर्सन के लिए दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ता7 इस 1 वोट के कारण भाजपा 13 का आंकड़ा नहीं छु पाई 7 वहीं कांग्रेस भी इस एक वोट की जीत से चेयरपर्सन की दावेदारी और प्रबल नजर आ रही है7

निर्दलीय फैक्टर रहेगा अहम -

कांग्रेस और बीजेपी दोनों स्पष्ट बहुमत का आंकड़ा नहीं छु-पाने के कारण जहां बीजेपी के खाते में 12 सीटे और कांग्रेस के खाते में 11 सिटे आई 7 बीजेपी को स्पष्ट बहुमत के लिए एक सीट तो कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत के लिए दो सीटों की आवश्यकता है इसके चलते निर्दलीय फैक्टर जीस और जाएंगे उसी का चेयरपर्सन बनना लगभग तय माना जा रहा है

यह प्रत्याशी जीते-

1 निरमा मीणा कांग्रेस
2 माया शर्मा भाजपा
3 निशा जैन भाजपा
4 स्नेहा तिवारी भाजपा
5 निर्मला मेहर कांग्रेस
6 किशनलाल खटीक कांग्रेस
7 रईस मोहम्मद कांग्रेस
8 प्रेम कुमारी सोनी भाजपा
9 दिनेश पालीवाल कांग्रेस
10 कमलेश कोली भाजपा
11 राधेश्याम रेगर (निर्दलीय)
12 रीना चंद्रवाल भाजपा
13 आशा जैन कांग्रेस
14 हर्षद्रा कुमारी राठौड़ भाजपा
15 भूमिका सुवालका कांग्रेस
16 संजय मालवीय कांग्रेस
17 आशा देवी जोशी भाजपा
18 पूजा जोशी भाजपा
19 सौभाग्य सिंह(निर्दलीय)
20 राधा किशन माली भाजपा
21 चंद्रकला भाजपा
22 नरेश धाकड़ भाजपा
23 शंकर लाल धाकड़ कांग्रेस
24 छीतर कांग्रेस
25 पूजा खटीक कांग्रेस

ढाबा गांव में सड़क पर गड्ढों एव पानी भरने से ग्रामीण परेशान

PWD विभाग में कोई जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं

स्मार्ट हलचल

दीगोदः कोटा जिले की दीगोद तहसील के भौंरा ग्राम पंचायत के ढाबा गांव की मुख्य PWD सड़क की हालत बेहद खराब हो चुकी है। पूरी सड़क पर घुटनों तक कीचड़ और पानी भरा हुआ है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिनमें बरसात का पानी तालाब की तरह भरा है।

ग्रामीणों का कहना हैः

- बाइक से निकलना तो दूर, पैदल चलना भी मुश्किल है।
- स्कूली बच्चों और महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है।
- कई बार बाइक स्लिप होने से हादसे भी हो चुके हैं।
- ये सड़क PWD विभाग की है, लेकिन कई महीनों से कोई सुध लेने नहीं आया।

लंबे इंतजार के बाद भीलवाड़ा में बरसे मेघराजा, शहर पानी-पानी

करीब एक घंटे तक झमाझम बारिश ने उमस से दिलाई राहत, नाले-नालियां उफान पर; निकाय चुनाव परिणाम और गणेश चतुर्थी के बीच बदला शहर का मिजाज

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा / लंबे इंतजार के बाद सोमवार शाम आसमान ने आखिरकार राहत की झड़ी लगा दी। दिनभर की उमस और गर्मी के बाद

अचानक बदले मौसम ने शहर को जमकर भिगो दिया। देखते ही देखते झमाझम बारिश ने शहर की सड़कों को जलमग्न कर दिया। करीब एक घंटे तक हुई तेज बारिश से नाले-नालियां उफान पर आ गईं और कई इलाकों में सड़कों पर पानी बहता नजर आया। सोमवार का दिन भीलवाड़ा के लिए वैसे ही खास था। एक ओर नगर निकाय चुनाव के परिणामों को लेकर सुबह से राजनीतिक हलचल बनी हुई थी, वहीं दूसरी ओर गणेश चतुर्थी के चलते शहर में धार्मिक उत्साह का माहौल था। शाम होते-होते मौसम ने भी करवट ली और मेघराजा ने ऐसी दस्तक दी कि शहर का पूरा मिजाज ही बदल गया।

उमस से बेहाल शहर को बारिश ने दी राहत

कई दिनों से बारिश का इंतजार कर रहे लोगों को सोमवार शाम हुई तेज बारिश ने बड़ी राहत दी। दिनभर वातावरण में उमस बनी हुई थी। शाम को काले बादल छाए और कुछ ही देर में बारिश शुरू हो गई। शुरुआत में बूंदाबांदी के बाद बारिश ने जोर पकड़ा और करीब एक घंटे तक तेज बारिश का दौर चलता रहा। बारिश के बाद मौसम सुहाना हो गया। गर्मी और उमस से परेशान लोगों ने राहत की सांस ली। कई जगह लोग बारिश का आनंद लेते दिखाई दिए तो बच्चे भी सड़कों पर जमा पानी में मस्ती करते नजर आए।

सड़कें बनीं दरिया, नाले-नालियां उफनाईं

तेज बारिश का असर शहर की सड़कों पर साफ दिखाई दिया। जगह-जगह पानी भर गया। कई नाले और नालियां उफान पर आ गईं। कुछ प्रमुख मार्गों और निचले इलाकों में सड़क पर पानी जमा होने से आवागमन भी प्रभावित हुआ। बारिश की रफ्तार इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में सड़कें पानी से लबालब हो गईं। वाहन चालकों को भी पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ा। कई जगह लोगों को जलभराव के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा।

एक दिन में तीन रंग—राजनीति, आस्था और बारिशः-

सोमवार को भीलवाड़ा में दिनभर तीन अलग-अलग रंग दिखाई दिए। सुबह से नगर निकाय चुनाव के नतीजों को लेकर राजनीतिक गलियारों में हलचल रही। समर्थक अपने-अपने प्रत्याशियों की जीत का जश्न मनाते रहे। वहीं गणेश चतुर्थी के चलते शहर में भगवान गणेश की आराधना और उत्सव का माहौल रहा। शाम को बारिश ने पूरे शहर को अपने रंग में रंग दिया। चुनावी शोर और गणेशोत्सव की गूंज के बीच अचानक बरसे मेघों ने मौसम को खुशनुमा बना दिया।

बारिश ने खोली जल निकासी व्यवस्था की पोलः-

हालांकि बारिश ने लोगों को उमस से राहत दी, लेकिन जलभराव ने शहर की जल निकासी व्यवस्था पर सवाल भी खड़े कर दिए। करीब एक घंटे की बारिश में ही कई स्थानों पर पानी जमा हो गया। लोगों का कहना है कि यदि इससे अधिक समय तक बारिश होती तो हालात और बिगड़ सकते थे।

नालों की सफाई और पानी की निकासी को लेकर नगर निगम की तैयारियों पर भी बारिश ने सवाल खड़े कर दिए। अब देखने वाली बात यह होगी कि बारिश का दौर आगे भी जारी रहता है या यह राहत की बूंदें कुछ समय बाद फिर उमस में बदल जाती हैं।

फिलहाल सोमवार शाम की बारिश ने भीलवाड़ा को गर्मी और उमस से बड़ी राहत दी और चुनावी हलचल से सराबोर शहर को कुछ देर के लिए बारिश की ठंडी फुहारों में भिगो दिया।

जहाजपुर में भाजपा का दबदबा, 25 में से 15 वार्ड जीते निर्दलीयों ने 7 में बाजी मारी, कांग्रेस 3 पर सिमटी

भाजपा को बहुमत से 2 सीट ज्यादा; 276 वोट से अलकेश की सबसे बड़ी जीत, 11 वोट से तालिब हुसैन की सबसे करीबी जीत; कई वार्डों में पार्टी प्रत्याशियों को बागियों ने दी कड़ी चुनौती...

स्मार्ट हलचल

जहाजपुर वार्ड-वार विस्तृत विवरण

-वार्ड संख्या 1: कड़े मुकाबले में निर्दलीय प्रत्याशी तालिब हुसैन (191 वोट) ने कांग्रेस के सरफराज (180 वोट) को 11 मतों से हराया। भाजपा की धापू बानो को 156 मत प्राप्त हुए।

वार्ड संख्या 2: भाजपा उम्मीदवार गोविन्द (248 वोट) ने निर्दलीय महेन्द्र कुमार मीणा (105 वोट) को 143 वोटों के बड़े अंतर से शिकस्त दी। कांग्रेस के लेखराज मीणा को महज 28 वोट मिले।

वार्ड संख्या 3: भाजपा की रेखा ने 337 वोट हासिल कर कांग्रेस की खुशबू (306 वोट) को 31 वोटों के अंतर से पराजित किया।

वार्ड संख्या 4: भाजपा की अनुसूया (198 वोट) ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी निर्दलीय प्रत्याशी मनभर (162 वोट) को 36 वोटों से हराकर जीत हासिल की।

वार्ड संख्या 5: भाजपा प्रत्याशी पंकज घारु (269 वोट) ने निर्दलीय ब्रजेश कुमार (198 वोट) को 71 मतों से हराया।

कांग्रेस प्रत्याशी कुलदीप खटीक ने पहले ही भाजपा को समर्थन दे दिया उसको महज 1 वोट मिला

वार्ड संख्या 6: निर्दलीय उम्मीदवार सानिया खानम ने 297 मत हासिल कर भाजपा की ममता (241 वोट) को 56 वोटों के अंतर से शिकस्त दी।

वार्ड संख्या 7: निर्दलीय प्रत्याशी अरविन्द भुवालिया (258 वोट) ने एकतरफा मुकाबले में कांग्रेस के लतीफ (102 वोट) को 156 वोटों से मात दी।

भाजपा की शांता देवी को महज़ 25 वोट मिले

वार्ड संख्या 8: भाजपा उम्मीदवार योगेश चन्द पत्रिया (288 वोट) ने कांग्रेस की देव निष्ठापंचोली (219 वोट) को 69 मतों से हराया।

वार्ड संख्या 9: भाजपा के राजकुमार ने 395 वोट (394 श्वङ्करू+ 1 डाक मतपत्र) हासिल कर कांग्रेस के महावीर प्रसाद माली (222 वोट) को 173 वोटों से पराजित किया।

वार्ड संख्या 10: भाजपा के प्रवीण कुमार खटीक (413 वोट) के नाम रही, जिन्होंने कांग्रेस के अजय खटीक (230 वोट) को 183 वोटों के अंतर से हराया।

मोईन निर्दलीय को 0 वोट मिला

वार्ड संख्या 11: भाजपा प्रत्याशी अलकेश पवन वैष्णव ने 491 वोट हासिल कर अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस की राशि अग्रवाल (215 वोट) को 276 वोटों के विशाल अंतर से पराजित किया।

वार्ड संख्या 12: भाजपा की अंतिम बाला सोनी (215 वोट) ने निर्दलीय प्रत्याशी लेखराज (153 वोट) को 62 वोटों के अंतर से हराया। कांग्रेस की चंदा सोनी को 10 वोट प्राप्त हुए।

वार्ड संख्या 13: भाजपा उम्मीदवार एजन ने 334 मत प्राप्त कर कांग्रेस की बदाम देवी रेगर (185 वोट) को 149 वोटों से हराया

वार्ड संख्या 14: कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद देवी शर्मा (257 वोट) ने कड़े मुकाबले में भाजपा की गंगा देवी (234 वोट) को 23 वोटों के अंतर से शिकस्त दी।

वार्ड संख्या 15: कांग्रेस की तब्बसूम बी (422 वोट) ने निर्दलीय खुशनुमा बानो (229 वोट) को 193 मतों के बड़े अंतर से हराकर जीत दर्ज की।

वहीं भाजपा प्रत्याशी प्रेमलता को महज 1 वोट मिला

वार्ड संख्या 16: निर्दलीय प्रत्याशियों के बीच हुई टक्कर में रईस (316 वोट) ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी निर्दलीय प्रत्याशी सहारुख खान (268 वोट) को 48 वोटों से हराया। 7 बार पार्षद रह चुके कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय प्रत्याशी नजीर सरवरी को 262 मिले कांग्रेस प्रत्याशी रफीक को महज़ 8वोट मिले भाजपा की एजन को 14 वोट मिले

वार्ड संख्या 17: कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद मुज्जमिल शेर (411 वोट) ने निर्दलीय उम्मीदवार नसीब दाद (148 वोट) को 263 वोटों के अंतर से पराजित किया।

भाजपा के सद्दीक को 6 वोट मिले

वार्ड संख्या 18: भाजपा उम्मीदवार राधेश्याम बारेठ (226 वोट) ने निर्दलीय प्रत्याशी भोजराज (111 वोट) को 115 वोटों के अंतर से मात दी।

वार्ड संख्या 19: भाजपा प्रत्याशी बन्ना लाल ने 269 वोट हासिल कर कांग्रेस के बब्लू (126 वोट) को 143 मतों से हराया।

वार्ड संख्या 20: भाजपा की रामी देवी मीणा (300 वोट) ने निर्दलीय उम्मीदवार माया कुमारी मीणा (223 वोट) को 77 वोटों से पराजित किया। कांग्रेस की ममता देवी को 63 मत प्राप्त हुए।

वार्ड संख्या 21: निर्दलीय प्रत्याशी कान्ता ने कुल 375 मत हासिल कर अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा की मौसमी (185 मत) को 190 वोटों के अंतर से पराजित किया। इंडियन नेशनल कांग्रेस की मंजू को 23 मत मिले,

वार्ड संख्या 22: निर्दलीय उम्मीदवार नरेश सिंह ने कुल 341 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के अशोक कुमार मीणा (142 मत) को पराजित किया (प्रपत्र में जीत का अंतर 200 वोट उल्लिखित है)। इंडियन नेशनल कांग्रेस के हेमेंद्र मीणा को 3 वोट मिले,

वार्ड संख्या 23: निर्दलीय प्रत्याशी प्रिया मीणा ने 286 मत प्राप्त करके अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा की मंजू कुमारी (174 मत) को 112 वोटों से हराया। इंडियन नेशनल कांग्रेस की किरण देवी मीणा को 28 वोट मिले

वार्ड संख्या 24: भाजपा प्रत्याशी काली ने कुल 331 मत (327 श्वङ्करू+ 4 डाक मत पत्र) प्राप्त कर अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी निर्दलीय उम्मीदवार लीला (216 मत) को 115 वोटों के अंतर से हराया। इंडियन नेशनल कांग्रेस के परमेश्वर को 7 मत मिले

वार्ड संख्या 25: भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार ने 292 वोट हासिल कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी निर्दलीय अजय कुमार मीणा (186 मत) को 106 वोटों से पराजित किया। इंडियन नेशनल कांग्रेस के रामसिंह को 28 मत मिले

श्री सीमेंट रास में गणेशोत्सव की धूम, महागणपति को लगाया छप्पन भोग

1008 मोदक अर्पित कर किया महाअभिषेक, भव्य शोभायात्रा और आतिशबाजी ने मोहा मन

स्मार्ट हलचल

ब्यावर । श्री सीमेंट लिमिटेड, रास की आवासीय कॉलोनी में सोमवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर भगवान श्री महागणपति का महाअभिषेक एवं भव्य शोभायात्रा निकाली गई। धार्मिक आयोजन में बांगड़ परिवार सहित कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल देव पूजन के साथ हुआ। बांगड़ परिवार की श्रीमती रानू बांगड़ एवं श्रीमती पूजा जी ने मंदिर के गर्भगृह में विधि-विधान से पूजा-अर्चना, अभिषेक एवं हवन किया। पुष्कर से आए आचार्य लक्ष्मीनारायण शास्त्री एवं अन्य पंडितों के मंत्रोच्चार के बीच भगवान गणपति का महाअभिषेक संपन्न हुआ। इस दौरान बप्पा को 1008 मोदक अर्पित किए गए तथा छप्पन भोग लगाया गया। महाआरती के बाद मंदिर परिसर भजन-कीर्तन से गूंज उठा।

मंदिर शिखर पर स्थापित की नवीन धर्मध्वजा

गणेश चतुर्थी के अवसर पर कंपनी के चीफ मैन्युफैक्चरिंग ऑफिसर सतीश माहेश्वरी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने मंदिर के शिखर पर स्थापित पुरानी धर्मध्वजा को हटाकर विधि-विधान से नवीन धर्मध्वजा की स्थापना की।

रथ पर सवार होकर निकले महागणपति, गूंजे जयकारे

शाम को श्री परिवार की ओर से भगवान श्री महागणपति की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। विशेष रथ पर सवार भगवान के विग्रह को पूरी कॉलोनी में भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं। कंपनी के अधिकारी, कर्मचारी, उनके परिवार एवं आसपास के क्षेत्रवासी इसमें शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और अन्नकूट प्रसाद ग्रहण किया। रात में मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया तथा भव्य आतिशबाजी की गई।

उत्तर भारत में विशेष पहचान रखता है महागणपति मंदिर

श्री महागणपति मंदिर अपनी भव्यता एवं स्थापत्य कला के लिए विशेष पहचान रखता है। दक्षिण भारतीय शैली में काले ग्रेनाइट से निर्मित भगवान गणपति, रिद्धि एवं सिद्धि की प्रतिमाएं तथा जैसलमेर के हाबुर पत्थर से निर्मित वास्तुकला मंदिर के प्रमुख आकर्षण हैं। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं ने क्षेत्रवासियों के अच्छे स्वास्थ्य एवं सुख-समृद्धि की कामना की।

मांडलगढ़ में भाजपा का बहुमत, 11 वार्डों में जीत कांग्रेस 2 और निर्दलीय 7 सीटों पर विजयी

20 सदस्यीय बोर्ड में भाजपा ने हासिल किया बहुमत, निर्दलीय पार्षदों ने भी दर्ज कराई मजबूत मौजूदगी; अध्यक्ष पद के चुनाव पर अब निगाहें

स्मार्ट हलचल

मांडलगढ़ । मांडलगढ़ नगर पालिका चुनाव 2026 के सभी 20 वार्डों के परिणाम सामने आने के साथ ही नगर पालिका के नए बोर्ड की तस्वीर साफ हो गई है। चुनाव परिणाम में भाजपा ने 11 वार्डों में जीत दर्ज कर बहुमत हासिल कर लिया है। कांग्रेस के खाते में 2 सीटें आई हैं, जबकि 7 वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। 20 सदस्यीय नगर पालिका बोर्ड में बहुमत के लिए 11 पार्षदों की आवश्यकता है और भाजपा ने ठीक 11 सीटें जीतकर बहुमत का आंकड़ा हासिल कर लिया है। ऐसे में मांडलगढ़ नगर पालिका में भाजपा का बोर्ड बनना तय माना जा रहा है। वार्डवार परिणाम की बात करें तो भाजपा ने वार्ड 1 से रक्षिता टेलर, वार्ड 3 से अनिता सुराणा, वार्ड 5 से दशरथ सिंह राजपूत, वार्ड 6 से रामलाल मीणा, वार्ड 7 से अशोक कुमार जीनगर, वार्ड 9 से श्वेता डांगी, वार्ड 10 से अभिलाषा गट्टानी, वार्ड 11 से नीलकमल पटवा, वार्ड 12 से भारती व्यास, वार्ड 13 से मोहिनी देवी और वार्ड 14 से मंजू देवी को विजयी बनाया।

कांग्रेस के दो प्रत्याशी वार्ड 17 और 18 से विजयी रहे। वार्ड 17 में रफीक मोहम्मद तथा वार्ड 18 में जहरा फातिमा ने जीत दर्ज की।

वहीं सात वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत हासिल की। वार्ड 2 में जूली ओस्तवाल, वार्ड 4 में जमनालाल माली, वार्ड 8 में प्यार चंद रेगर, वार्ड 15 में पवनेश ओस्तवाल, वार्ड 16 में शीतल चांवरिया, वार्ड 19 में पूजा देवी आंचलिया तथा वार्ड 20 में दुर्गेश नायक विजयी रहे। चुनाव परिणाम में निर्दलीयों की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही। सात निर्दलीय पार्षदों के निर्वाचित होने से नगर पालिका बोर्ड में उनकी संख्या उल्लेखनीय है, हालांकि भाजपा ने अपने दम पर बहुमत का आंकड़ा हासिल कर लिया है। मांडलगढ़ नगर पालिका के चुनाव में कई वार्डों में मुकाबला काफी रोचक रहा। वार्ड 4 में जमनालाल माली ने भाजपा प्रत्याशी भैरूलाल माली को महज एक मत से हराकर सबसे करीबी जीत दर्ज की। वहीं वार्ड 13 में मोहिनी देवी ने 147 मतों के अंतर से जीत हासिल की। निर्वाचित पार्षदों के बाद अब सभी की निगाहें नगर पालिका अध्यक्ष पद के चुनाव पर टिक गई हैं। अध्यक्ष पद सामान्य महिला के लिए आरक्षित है। बोर्ड में भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिलने के बाद अध्यक्ष पद के लिए पार्टी के भीतर दावेदारी और राजनीतिक गतिविधियां तेज होने की संभावना है। मांडलगढ़ नगर पालिका के चुनाव परिणामों ने जहां भाजपा को स्पष्ट बहुमत दिया है, वहीं कांग्रेस के सामने अपने जनाधार को मजबूत करने की चुनौती है। दूसरी ओर सात निर्दलीय पार्षद भी नए बोर्ड में अपनी भूमिका के साथ नजर आएंगे।

कोटड़ी में जलझुलन महोत्सव की धूम, रासलीला में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

स्मार्ट हलचल

कोटड़ी अनन्तकोटि श्रीश्री कोटड़ी चारभुजानाथ मंदिर में आयोजित विशाल जलझुलन महोत्सव के तहत धार्मिक आयोजनों का सिलसिला जारी है। महोत्सव के दूसरे दिन सोमवार को मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम हुए। श्रद्धालुओं ने भगवान चारभुजानाथ के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। महोत्सव के तहत सोमवार को गणेशजी की शोभायात्रा एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके बाद शाम को धार्मिक आयोजन हुए तथा रात्रि 8.15 बजे रासलीला का आयोजन किया गया। रासलीला को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। मंदिर परिसर में आकर्षक सजावट की गई है तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, सचिव श्याम सुन्दर चेचाणी एवं समस्त भक्तजनों ने श्रद्धालुओं से महोत्सव के सभी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ लेने का आह्वान किया गया है। गणेश चतुर्थी पर निकली शोभायात्रा, बरसात में भी नहीं थमा भक्तों का उत्साह कोटड़ी मुख्यालय पर गणेश चतुर्थी के अवसर पर सोमवार को कोटड़ी में श्रद्धा और भक्ति का अनूठा नजारा देखने को मिला। बरसात के बावजूद भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शोभायात्रा में शामिल हुए। भगवान गणेश के जयकारों से मार्ग गुंजायमान रहा। शोभायात्रा में श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते हुए आगे बढ़े। बारिश के बीच भी श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना की। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह नजर आया। जलझुलन महोत्सव के तहत आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों के साथ गणेश चतुर्थी का यह आयोजन भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। मंदिर ट्रस्ट की ओर से व्यवस्थाएं की गईं। जलझुलन महोत्सव के तहत सोमवार को रात्रि 8.15 बजे रासलीला का आयोजन हुआ। इसके अलावा आगामी दिनों में भी रासलीला सहित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

15 व 16 सितम्बर को रात्रि 8.15 बजे रासलीला,

17 सितम्बर को धार्मिक आयोजन के दौरान कावड़ियों का त्रिवेणी के लिए प्रस्थान व देवनारायण भगवान की जीवन गाथा बगड़ावत कथा की जाएगी।

18 सितम्बर को कावडियों का आगमन व संगीतमय सुन्दर काण्ड पाठ होगा।

19 सितम्बर को राधा अष्ठमी पर हवन व पूजन, भक्तो के द्वारा निर्मित विशाल छप्पन भोग प्रभु को अर्पण किया जाएगा वही रात्रि में स्थानीय विद्यालयों के बालको की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा

20 सितम्बर को विराट कवि सम्मेलन आयोजित होगा।

21 सितम्बर को भजन संध्या आयोजित होगी।

22 सितम्बर को महोत्सव के समापन अवसर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम एवं श्री चारभुजानाथ के रजत रेवाड़ी में विराजमान करवा कर जलझुलन को लेजाया जाएगा। वही 23 सितम्बर को सुबह 9 बजे भगवान के निज धाम में विराजमान होने के साथ ही जलझुलन महोत्सव सम्पन्न होगा। श्री चारभुजा मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया ने श्रद्धालुओं से महोत्सव के सभी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

तीन दिन से लापता युवक का शव घर के सामने तालाब में मिला

स्मार्ट हलचल

खखरेरू। नगर पंचायत खखरेरू के वार्ड नंबर चार जोधा सिंह नगर में सोमवार सुबह घर के सामने स्थित तालाब में युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। युवक शनिवार दोपहर से घर से लापता था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को तालाब से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस घटना की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार जोधा सिंह नगर निवासी जीतू (33) पुत्र झूर्री शनिवार दोपहर करीब दो बजे अपने भाई नरेंद्र के घर खाना खाने के बाद बाहर निकला था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। परिजनों के मुताबिक जीतू के दो-तीन दिन बाद घर लौटने की आदत थी, इसलिए शनिवार को उसके जाने के बाद परिजनों ने तत्काल उसकी तलाश नहीं की। सोमवार सुबह तालाब के किनारे कूड़ा डालने गई महिलाओं ने पानी में शव उतराता देखा। इसकी जानकारी आसपास के लोगों को हुई तो मौके पर भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने तालाब में उतरकर शव को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव की शिनाख्त जीतू के रूप में कराते हुए जिला अस्पताल के लिए भेज दिया। घायल के भाई सुरेश ने बताया कि जीतू मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था और वह परिवार का इकलौता कमाने वाला था। उसकी पत्नी मैना देवी 27 अगस्त को रक्षाबंधन से पहले तीन बच्चों के साथ मायके चली गई थी। पति की मौत की सूचना मिलते ही वह बच्चों के साथ मौके पर पहुंची। पिता की मौत के बाद आठ वर्षीय आशा देवी, पांच वर्षीय आकाश और तीन वर्षीय शिव का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार की आर्थिक स्थिति को लेकर भी परिजनों के सामने संकट खड़ा हो गया है। थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है पोस्टमाडम के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

नगर निकाय चुनाव में भाजपा का दबदबा, कांग्रेस ने भी जमाया दम

भीलवाड़ा निगम के 70 वार्डों में भाजपा 45 पर काबिज, कांग्रेस को 10 वार्ड; पालिकाओं में कहीं भाजपा तो कहीं कांग्रेस का पलड़ा भारी

गंगापुर और शाहपुरा में कांग्रेस की बढ़त, जहाजपुर-मांडलगढ़ में भाजपा का दबदबा; निर्दलीयों ने कई निकायों में बिगाड़े सियासी समीकरण

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा नगर निकाय आम चुनाव-2026 के नतीजों ने जिले की स्थानीय राजनीति की नई तस्वीर सामने रख दी है। सोमवार को हुई मतगणना के बाद जिले के नगर निगम भीलवाड़ा सहित 10 नगरपालिकाओं के सभी परिणाम घोषित कर दिए गए। नतीजों में सबसे बड़ा सियासी संदेश नगर निगम भीलवाड़ा से सामने आया, जहां भाजपा ने 70 में से 45 वार्ड जीतकर स्पष्ट बढ़त बनाई। कांग्रेस महज 10 वार्डों तक सिमट गई, जबकि 15 वार्डों में निर्दलीयों ने जीत दर्ज कर दोनों प्रमुख दलों के सामने चुनौती खड़ी कर दी। जिले की नगरपालिकाओं के परिणाम देखें तो तस्वीर पूरी तरह एकतरफा नहीं रही। कई निकायों में भाजपा ने अपना प्रभाव कायम रखा तो गंगापुर और शाहपुरा में कांग्रेस ने मजबूत प्रदर्शन करते हुए भाजपा को पीछे छोड़ दिया। वहीं कई जगह निर्दलीय प्रत्याशियों ने दोनों दलों के समीकरणों को झटका दिया है। ऐसे में चुनाव परिणाम केवल जीत-हार नहीं, बल्कि आगामी स्थानीय राजनीति के लिए नए शक्ति-संतुलन के संकेत भी दे रहे हैं।

नगर निगम में भाजपा की बड़ी छलांग, कांग्रेस पिछड़ी

भीलवाड़ा नगर निगम के 70 वार्डों के परिणाम भाजपा के पक्ष में सबसे बड़ा राजनीतिक संदेश लेकर आए। भाजपा के 45 प्रत्याशी विजयी रहे, जबकि कांग्रेस को सिर्फ 10 सीटों से संतोष करना पड़ा। वहीं 15 निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत हासिल की। नगर निगम में भाजपा की यह बढ़त उसे बोर्ड की राजनीति में मजबूत स्थिति में ले जाती दिखाई दे रही है। दूसरी ओर कांग्रेस के लिए 10 वार्डों का आंकड़ा आत्ममंथन का विषय है। निर्दलीयों की बड़ी संख्या ने यह भी संकेत दिया है कि स्थानीय स्तर पर कई वार्डों में मतदाताओं ने दलों से अलग जाकर उम्मीदवारों को तरजीह दी।

पालिकाओं में अलग-अलग रंग दिखा जनादेश:-

जिले की नगरपालिकाओं के परिणामों ने भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए अलग-अलग संदेश दिए हैं।

आसींद के 25 वार्डों में भाजपा ने 12, कांग्रेस ने 8 और निर्दलीयों ने 5 वार्ड जीते।

बनेड़ा के 20 वार्डों में भाजपा 10 सीटों के साथ आगे रही। कांग्रेस को 9 और निर्दलीय को 1 सीट मिली। यहां भाजपा और कांग्रेस के बीच मुकाबला बेहद करीबी रहा।

बीगोद में भाजपा ने 12 वार्ड, कांग्रेस ने 6 और निर्दलीयों ने 7 वार्ड जीतकर समीकरणों को रोचक बना दिया।

बिजौलिया के 25 वार्डों में भाजपा ने 12, कांग्रेस ने 11 और निर्दलीयों ने 2 सीटें जीतीं। यहां दोनों प्रमुख दलों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली।

गंगापुर में कांग्रेस का पलड़ा भारी

गंगापुर नगरपालिका के परिणाम भाजपा के लिए झटका और कांग्रेस के लिए राहत लेकर आए। यहां 25 वार्डों में कांग्रेस ने 14 सीटों पर जीत दर्ज कर बढ़त बनाई, जबकि भाजपा को 9 सीटें मिलीं। दो वार्ड निर्दलीयों के खाते में गए।

गंगापुर का जनादेश जिले की उस राजनीतिक तस्वीर को रेखांकित करता है, जिसमें स्थानीय स्तर पर कांग्रेस अभी भी अपनी जमीन बनाए हुए है।

गुलाबपुरा में त्रिकोणीय समीकरण

गुलाबपुरा नगरपालिका के 35 वार्डों में भाजपा ने 14, कांग्रेस ने 10 और निर्दलीयों ने 10 सीटें जीतीं। वहीं आरएलपी ने एक वार्ड में जीत दर्ज की।

यहां किसी एक दल को स्पष्ट बहुमत जैसा राजनीतिक संदेश नहीं मिला। निर्दलीयों की मजबूत मौजूदगी आगे बोर्ड गठन की राजनीति को महत्वपूर्ण बना सकती है।

हमीरगढ़ में भाजपा आगे, कांग्रेस पीछे

हमीरगढ़ के 20 वार्डों में भाजपा के 8, कांग्रेस के 7 और निर्दलीयों के 5 प्रत्याशी विजयी रहे। यहां भी दोनों प्रमुख दलों के बीच अंतर बहुत बड़ा नहीं रहा और निर्दलीयों की भूमिका अहम बन गई।

जहाजपुर और मांडलगढ़ में भाजपा का दबदबा

जहाजपुर में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 25 में से 15 वार्डों पर कब्जा जमाया। कांग्रेस को सिर्फ 3 सीटें मिलीं, जबकि 7 निर्दलीय विजयी रहे। इसी तरह मांडलगढ़ के 20 वार्डों में भाजपा ने 11 सीटें जीतकर बढ़त बनाई। कांग्रेस के खाते में सिर्फ 2 सीटें आईं, जबकि 7 निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत हासिल की। इन दोनों निकायों के परिणाम भाजपा के लिए खासे उत्साहजनक रहे, जबकि कांग्रेस के लिए यहां का प्रदर्शन संगठनात्मक स्तर पर बड़े सवाल खड़े करता है।

शाहपुरा में कांग्रेस की बड़ी वापसी

शाहपुरा नगरपालिका का परिणाम कांग्रेस के लिए...

जम्मू निवासी कानपुर यूनिवर्सिटी के छात्र ने लगाई फांसी, गर्लफ्रेंड से झगड़े की चर्चा

स्मार्ट हलचल

कानपुर। खाना देने पहुंची गर्लफ्रेंड को उसका प्रेमी यूनिवर्सिटी छात्र कमरे में फांसी पर लटका मिला। जम्मू का रहने वाला यह छात्र कुछ घंटे पहले ही अपनी गर्लफ्रेंड के साथ नीम करौली बाबा मंदिर से दर्शन कर लौटा था। घटना विनायकपुर के हॉस्टल में हुई। यहां रहने वाले

कानपुर विश्वविद्यालय के रेडियोलॉजी डिपार्टमेंट के छात्र ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से कुछ घंटे पहले ही छात्र अपनी गर्लफ्रेंड के साथ नैनीताल के नीम करौली मंदिर के दर्शन कर लौटा था। उसकी गर्लफ्रेंड सामने के कमरे में रहती है। जब वह उसे खाना देने गई तो घटना की जानकारी हुई। सूत्रों का दावा है की घटना के पहलेउसकी गर्लफ्रेंड से कुछ विवाद भी हुआ थाइसके बाद ही उसनेआत्महत्या की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज परिजनों को सूचना दे दी है। पुलिस ने किसी भी प्रकार के आरोप या सुसाइड नोट मिलने से इनकार किया है। जानकारी के मुताबिक जम्मू-कश्मीर के रहने वाले डिफेंस कर्मी विजय शर्मा का बेटा आदित्य शर्मा तीन महीने से विनायकपुर के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा था। इसी हॉस्टल के सामने वाले कमरे में श्याम नगर के रहने वाली गर्लफ्रेंड भी रहती थी। इस बारे में हॉस्टल के केयरटेकर सुनील ने बताया कि दोनों ने खुद को भाई-बहन बताकर अलग-अलग कमरा लिया था। पुलिस ने बताया कि आत्महत्या करने की वजह अभी तक पता नहीं चल पाई है। यह गर्लफ्रेंड से भी जुड़ी हो सकती है। फिलहाल लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर घटना की जांच की जा रही है।

भागवत के सामने आचार्य पुलकसागर ने उठाए सामाजिक समरसता और जैन तीर्थ संरक्षण के मुद्दे

बोले- स्वर्ण व पिछड़ा वर्ग को बांटने वाले यूजीसी नियम लागू नहीं हों, सम्मेद शिखरजी-गिरनार का हो पूर्ण संरक्षण

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा / राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पुलकसागरजी महाराज के चातुर्मास स्थल सूर्यमहल में सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत पहुंचे। उन्होंने आचार्यश्री के दर्शन कर पाद प्रक्षालन किया और वंदन-अभिनंदन किया। इसके बाद करीब 40 मिनट तक दोनों के बीच धर्म, समाज और राष्ट्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। बातचीत में राजनीति से इतर सामाजिक समरसता, जातीय विभाजन, जैन तीर्थों के संरक्षण और गौवंश संवर्धन जैसे विषय प्रमुख रहे। आचार्य पुलकसागरजी महाराज ने चर्चा के दौरान स्पष्ट रूप से कहा कि देश में सामाजिक समरसता हर हाल में कायम रहनी चाहिए। समाज को जातियों और वर्गों में बांटने वाले किसी भी प्रयास से बचना जरूरी है। उन्होंने स्वर्ण एवं पिछड़ा वर्ग के बीच विभाजन पैदा करने वाले माने जा रहे यूजीसी के प्रस्तावित नियमों को लेकर भी चिंता जताई और कहा कि ऐसे नियम लागू नहीं होने चाहिए।

यूजीसी नियम पर भागवत ने दिया आश्वासन

आचार्यश्री ने बताया कि बातचीत के दौरान डॉ. मोहन भागवत ने यूजीसी से जुड़े नियम को लेकर कहा कि यह फिलहाल केवल प्रस्ताव के स्तर पर है और इसे अभी कानूनी रूप नहीं दिया गया है। उन्होंने बताया कि मौजूदा प्रारूप में ऐसा कानून नहीं बने, इसे लेकर सरकार के स्तर पर चर्चा चल रही है। आचार्यश्री ने कहा कि सामाजिक समरसता किसी एक वर्ग का विषय नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए आवश्यक है। समाज में वर्गों और जातियों के बीच दूरियां बढ़ाने वाले किसी भी प्रावधान से सामाजिक एकता प्रभावित हो सकती है।

सम्मेद शिखरजी और गिरनार के संरक्षण पर भी चर्चा

चर्चा में जैन समाज की आस्था के प्रमुख तीर्थ सम्मेद शिखरजी और गिरनार के संरक्षण का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। आचार्य पुलकसागरजी महाराज ने इन तीर्थस्थलों के सामने आ रही चुनौतियों को लेकर पीड़ा व्यक्त की और इनके पूर्ण संरक्षण की आवश्यकता बताई। इस पर डॉ. भागवत ने उचित स्तर पर इस विषय को रखने और समस्याओं के समाधान की दिशा में चर्चा करने का विश्वास दिलाया। आचार्यश्री ने कहा कि ये केवल जैन समाज के धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि देश की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत से जुड़े महत्वपूर्ण तीर्थ हैं।

जेलों में गौशालाएं खोलने का सुझाव

आचार्य पुलकसागरजी महाराज ने देश की जेलों में गौशालाएं शुरू करने का सुझाव भी दिया। उन्होंने कहा कि जेलों में बंद बंदियों को गौवंश संवर्धन और सेवा से जोड़ा जा सकता है। इससे बंदियों में सकारात्मक सोच विकसित करने के साथ उन्हें समाजोपयोगी कार्यों से जोड़ने का अवसर मिलेगा।

'उद्देश्य एक ही, समाज में शांति और सद्भाव बना रहे'

आचार्यश्री ने चर्चा के बाद कहा कि राजनीति से हटकर सामाजिक समरसता के मुद्दों पर हुई बातचीत में इस बात पर सहमति रही कि दोनों का उद्देश्य मूल रूप से एक ही है–समाज में शांति और सद्भाव कायम रहे तथा जातिवाद से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण में सभी की भागीदारी हो।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत करने में आरएसएस की भूमिका महत्वपूर्ण है। आचार्यश्री ने डॉ. भागवत को आशीर्वाद भी प्रदान किया।

भागवत ने साझा किए अमेरिका-ब्रिटेन यात्रा के अनुभव

बातचीत के दौरान डॉ. मोहन भागवत ने आचार्य पुलकसागरजी महाराज के साथ उनकी हालिया अमेरिका और ब्रिटेन यात्रा से जुड़े अनुभव भी साझा किए। दोनों के बीच देश-विदेश में भारतीय संस्कृति, समाज और समरसता से जुड़े विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ।

'एक और मुक्तिदूत' पुस्तक का विमोचन

इस अवसर पर डॉ. भागवत ने इंदौर की सरोज शाह द्वारा आचार्य पुलकसागरजी महाराज के प्रेरणादायी जीवन पर लिखी पुस्तक 'एक और मुक्तिदूत' का विमोचन किया। पुस्तक को आचार्यश्री के चरणों में समर्पित किया गया।

2011 में भी हुई थी दोनों की मुलाकात

चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने बताया कि वर्ष 2011 में भी आचार्य पुलकसागरजी महाराज के भीलवाड़ा प्रवास के दौरान संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत उनसे मिलने आए थे। उन्होंने बताया कि दोनों के बीच नियमित अंतराल पर मुलाकात और संवाद होता रहा है।

इस दौरान आरएसएस के केंद्रीय पदाधिकारी अरुण जैन, निम्बाराम, मुरलीधर तथा श्री पुलकसागर चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी मौजूद रहे।

सूर्यमहल पहुंचने पर आचार्यश्री का स्वागत करने वालों में प्रवीण चौधरी, तिलोकचंद छाबड़ा, मनीष शाह, लोकेश अजमेरा, जयकुमार पाटनी, सुभाष जैन, अनिल जैन, सुरेशकुमार जैन, प्रेमचंद जैन, कमलचंद जैन, लोकेन्द्रकुमार जैन, कांतिलाल जैन और अतुलकुमार जैन सहित समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।

बाबा रामदेव जी के प्राकट्य दिवस भादवा बीज पर अनुष्ठान,शोभायात्रा में गूंजे बाबा रामदेव जी के जयकारे

स्मार्ट हलचल

काछोला - तहसील क्षेत्र के जाल का खेड़ा गाँव मे रेगर समाज के द्वारा बाबा रामदेव जी महाराज की भादवा बीज के अवसर पर गाँव में भव्य शोभायात्रा और डीजे के साथ धूमधाम से जुलूस निकाला गया। शोभायात्रा यात्रा का ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया! शोभायात्रा की शुरूआत पर मंदिर के पुजारी रतन लाल जी महाराज ने पूजा आरती की और अखिल भारतीय रेगर महासभा युवा प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष चांदमल जाडोटिया ने बाबा रामदेव जी की जय ,जय बाबा री जयघोष के साथ पुष्प वर्षा करते हुए शोभायात्रा को रवाना किया। यात्रा में बाबा रामदेव जी सुंदर मूर्ति को बेवाण मे विराजित कर गाँव भ्रमण करवाया गया! महिलाओं और बुजुर्गो युवाओ ने उपवास कर बाबा रामदेव जी के प्रति आस्था और भक्ति भाव व्यक्त किया!शोभायात्रा में राजस्थानी वेशभूषा के महिलाओं ने विशेष आभूषणों से श्रृंगार कर यात्रा में भाग लिया!डीजे की धुन पर नाचते हुए यात्रा निकाली! शोभायात्रा के दौरान पुष्प वर्षा करते हुए ग्रामवासियों ने बाबा रामदेव जी से सुख समृद्धि एवम उत्तम स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की। साम्प्रदायिक सौहार्द के प्रतीक लोकदेवता बाबा रामदेव जी के जन्मोत्सव भादवा बीज को शोभायात्रा के साथ हर्षोल्लास और धूमधाम से समस्त ग्रामवासियों ने मनाया। इस दौरान अध्यक्ष रात्रिकालीन पाठशाला शिवराज रेगर व्यवस्थापक कैलाशचंद्र रेगर मुकेश कुमार रेगर सामाजिक कार्यकर्ता भगवान लाल,कैलाशचंद्र,जगदीश ,ब्रजराज जितेंद्र कुमार, देबी लाल,चुन्नीलाल,राकेश कुमार,गणेश कुमार,विनोद कुमार, अमरा लाल गोदु लाल चुन्नी लाल भेरू लाल सूरज कुमार,महेंद्र कुमार सहित समाजजनों ने शोभायात्रा में भाग लिया !

गंगापुर सिटी नगर परिषद में किसी दल को बहुमत नहीं, कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी

27 वार्डों में कांग्रेस, 17 में भाजपा और 16 वार्डों में निर्दलीयों ने दर्ज की जीत; निर्दलीयों के सहारे कांग्रेस बना सकती है बोर्ड

स्मार्ट हलचल

गंगापुर सिटी । नगर परिषद गंगापुर सिटी के 60 वार्डों के लिए सोमवार को गवर्नमेंट पीजी कॉलेज गंगापुर सिटी में हुई मतगणना के बाद किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला। कांग्रेस ने सर्वाधिक 27 वार्डों में जीत दर्ज की, जबकि भाजपा के 17 प्रत्याशी विजयी रहे। वहीं 16 निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी जीत हासिल की। ऐसे में कांग्रेस निर्दलीय पार्षदों के सहयोग से बोर्ड बनाने की स्थिति में नजर आ रही है। पिछली बार नगर परिषद में भाजपा का बोर्ड था। नगर परिषद के 60 वार्डों के लिए इस बार कुल 297 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। दूसरे चरण में 11 सितंबर को मतदान हुआ था, जिसमें 73.56 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह पिछले चुनाव की तुलना में 1.78 प्रतिशत अधिक मतदान रहा। चुनाव परिणाम के बाद वार्ड संख्या 11 से विजयी कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र अग्रवाल और वार्ड संख्या 21 से कांग्रेस प्रत्याशी रविकांत को रिटर्निंग अधिकारी विनोद कुमार ने शपथ दिलाई। वार्डवार परिणाम: वार्ड 1 से भाजपा की जीनत, 2 से कांग्रेस के राजेंद्र, 3 से कांग्रेस के बुधराम, 4 से निर्दलीय मानसिंह बेरवा, 5 से भाजपा की प्रेमलता, 6 से भाजपा के हुकम चंद, 7 से निर्दलीय अनीशा बानो, 8 से भाजपा की सुलोचना गुर्जर, 9 से भाजपा के अतुल शर्मा, 10 से निर्दलीय विष्णु सैनी, 11 से कांग्रेस के वीरेंद्र अग्रवाल, 12 से कांग्रेस की प्रियंका शर्मा, 13 से कांग्रेस के दुष्यंत कटारिया, 14 से निर्दलीय अनवर अली, 15 से निर्दलीय भरत लाल, 16 से निर्दलीय अबीना बानो, 17 से कांग्रेस के मनोज, 18 से कांग्रेस के विजेंद्र, 19 से निर्दलीय सलमा बेगम, 20 से भाजपा की चतरो देवी, 21 से कांग्रेस के रविकांत, 22 से कांग्रेस के राजेश शर्मा, 23 से कांग्रेस के आकिब खान, 24 से भाजपा की जानकी, 25 से निर्दलीय रेनू अग्रवाल, 26 से भाजपा के जितेंद्र कटारिया, 27 से भाजपा के राजेंद्र गुप्ता, 28 से भाजपा की उर्मिला धमोनिया, 29 से कांग्रेस के रतन रेगर, 30 से कांग्रेस के कृष्ण कुमार गोयल, 31 से भाजपा के विजेंद्र, 32 से भाजपा की ललिता, 33 से कांग्रेस के गोपाल, 34 से भाजपा की सरोज सिराधना, 35 से कांग्रेस के गिरधारी, 36 से भाजपा की गीता देवी, 37 से निर्दलीय पदम, 38 से निर्दलीय सतीश धमोनिया, 39 से कांग्रेस की रतना देवी, 40 से भाजपा के विनोद, 41 से कांग्रेस की मुमताज, 42 से कांग्रेस के रसीद, 43 से निर्दलीय राजेश मावई, 44 से भाजपा के रवि जैमिनी, 45 से निर्दलीय विकास ठेकला, 46 से भाजपा के चंद्रशेखर मावई, 47 से कांग्रेस की रीना सैनी, 48 से कांग्रेस की सरोज मीणा, 49 से निर्दलीय विजय गुप्ता, 50 से निर्दलीय अनीता, 51 से कांग्रेस के जाबिर, 52 से कांग्रेस की किन्नो देवी, 53 से कांग्रेस के ऋषि मीणा, 54 से निर्दलीय कृष्ण कुमार, 55 से कांग्रेस के पंकज, 56 से कांग्रेस के इस्माइल, 57 से निर्दलीय विजय गुप्ता, 58 से कांग्रेस के आजाद, 59 से कांग्रेस की नौसिदा बानो तथा 60 से कांग्रेस के मुजाहिद विजयी रहे।

राजगढ़ नगरपालिका चुनाव 2026

40 वार्डों के परिणाम घोषित, वार्ड 40 में सबसे बड़ी 477 तो वार्ड 15 में मात्र एक वोट से हुई सबसे छोटी जीत

स्मार्ट हलचल

सादुलपुर । राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार नगर निकाय आम चुनाव–2026 के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा के निर्देशन में सोमवार को राजगढ़ नगरपालिका के 40 वार्डों के सदस्य पद के निर्वाचन हेतु मतगणना राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ के कमरा नंबर 07 में 08 मतगणना टेबलों पर कुल 06 राउंड में शांतिपूर्ण संपन्न हुई। निर्वाचन परिणामों के अनुसार, इस बार के चुनाव में वार्ड संख्या 40 से सबसे बड़ी जीत 477 मतो से दर्ज की गई, वहीं वार्ड संख्या 15 से सबसे छोटी जीत मात्र एक वोट के अंतर से देखने को मिली। मतगणना के बाद आए परिणामों के मुताबिक, राजगढ़ में वार्ड संख्या 1 से निर्दलीय सुरेश, वार्ड संख्या 2 से बीजेपी के बुलट सिंह, वार्ड संख्या 3 से बीजेपी के महेंद्र सिंह, वार्ड संख्या 4 से बीजेपी के ज्ञान प्रकाश, वार्ड संख्या 5 से निर्दलीय ज्योति कुमारी, वार्ड संख्या 6 से बीजेपी के कुसुम, वार्ड संख्या 7 से निर्दलीय रजिया तथा वार्ड संख्या 8 से आईएनसी के अस्कारी बानो विजयी रहे। इसी प्रकार वार्ड संख्या 9 से निर्दलीय राहुल पारीक, वार्ड संख्या 10 से बीजेपी के राकेश पूनिया, वार्ड संख्या 11 से आईएनसी के मोहम्मद सलीम, वार्ड संख्या 12 से आईएनसी के मोहम्मद हेदर अली, वार्ड संख्या 13 से बीजेपी के विक्रम कुमार, वार्ड संख्या 14 से बीजेपी के अनुराग पूनिया और वार्ड संख्या 15 से निर्दलीय राजेन्द्र सिंह (मात्र एक वोट से विजयी) ने जीत हासिल की। ?आगे के परिणामों में वार्ड संख्या 16 से निर्दलीय रेनू कुमारी, वार्ड संख्या 17 से आईएनसी के अफरोज बानो, वार्ड संख्या 18 से आईएनसी के जगदीश, वार्ड संख्या 19 से आईएनसी के अनिता, वार्ड संख्या 20 से निर्दलीय निसार मोहम्मद चौहान, वार्ड संख्या 21 से निर्दलीय मो. इरसाद, वार्ड संख्या 22 से आईएनसी के रुखसाना बानो, वार्ड संख्या 23 से आईएनसी के इमरान बेग, वार्ड संख्या 24 से निर्दलीय जमीला बेगम, वार्ड संख्या 25 से निर्दलीय शेर बानो, वार्ड संख्या 26 से आईएनसी के मोहम्मद रफीक, वार्ड संख्या 27 से आईएनसी के मनीराम, वार्ड संख्या 28 से आईएनसी के राजेश, वार्ड संख्या 29 से आईएनसी के प्रेमलता तथा वार्ड संख्या 30 से आईएनसी के अब्दुल मलिक ने बाजी मारी। ?इसके अलावा वार्ड संख्या 31 से निर्दलीय नजमा, वार्ड संख्या 32 से निर्दलीय आरती, वार्ड संख्या 33 से आईएनसी के संजय, वार्ड संख्या 34 से निर्दलीय सुनीता, वार्ड संख्या 35 से बीजेपी के राजेन्द्र कुमार, वार्ड संख्या 36 से आईएनसी के रवि कुमार, वार्ड संख्या 37 से निर्दलीय कन्हैयालाल प्रजापत, वार्ड संख्या 38 से बीजेपी के रामसिंह पूनिया, वार्ड संख्या 39 से आईएनसी के असलम खान तथा वार्ड संख्या 40 से आईएनसी की अन्जू देवी (सबसे बड़ी जीत) निर्वाचित घोषित की गईं। मतगणना पूरी होने के बाद विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। रिटर्निंग अधिकारी डॉ मनोज खेमादा ने नवनिर्वाचित पार्षदों को शपथ ग्रहण कराई व प्रमाण पत्र सौपे

गणेश चतुर्थी पर गूंजे गणपति के जयकारे मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, पुरानी अरवड़ में 51 किलो लड्डुओं का लगाया भोग; श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि की कामना की

स्मार्ट हलचल

अरवड़- कस्बे सहित क्षेत्र में सोमवार को गणेश चतुर्थी पर्व श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही गणेश मंदिरों में श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई। भक्तों ने भगवान गणेश की विधिवत पूजा-अर्चना कर लड्डुओं का भोग लगाया तथा परिवार में सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पुरानी अरवड़ तालाब की पाल पर स्थित गणेश मंदिर में गणेश चतुर्थी के अवसर पर विशेष धार्मिक आयोजन हुआ। मंदिर में भगवान गणेश को 51 किलो लड्डुओं का भोग लगाया गया। इसके बाद आरती कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर गणपति के जयकारों से गूंज उठा।

श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश के दर्शन कर परिवार की खुशहाली की कामना की। इस दौरान सतु माली,नारायण माली,हंसराज जाट,दिनेश वैष्णव, गौतम माली,महावीर माली,हेमराज माली,छोटु माली, श्री राम माली,जीवराज माली,गोवर्धन माली,रामप्रसाद सेन,कैलाश माली,रूपचंद माली, रामलाल कीर सहित बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

मानवाधिकार संगठन में बड़ी नियुक्ति, अनीता आर्य बनीं महिला जिला अध्यक्ष

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा राष्ट्रीय मानवाधिकार पर्यावरण सुरक्षा एवं भ्रष्टाचार निवारण संगठन में संगठन विस्तार को लेकर बड़ी नियुक्ति की गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक बालू सिंह झाला के निर्देश पर जिला अध्यक्ष रतनलाल आचार्य ने अनीता आर्य को भीलवाड़ा की महिला जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। जिला अध्यक्ष आचार्य ने उन्हें संविधान व संगठन की रीति-नीति के अनुरूप कार्य करते हुए संगठन को मजबूत करने और जल्द महिला कार्यकारिणी गठित करने के निर्देश दिए। नियुक्ति पर संगठन कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया।

भगवान गणेश को दिया 'स्वयंसिद्धा-2027' का पहला निमंत्रण

लघु उद्योग भारती की मुख्य एवं महिला इकाई ने पूजा-अर्चना के साथ शुरू की आयोजन की तैयारियां

ब्यावर। लघु उद्योग भारती की ओर से आगामी 8, 9 एवं 10 जनवरी 2027 को आयोजित होने वाले 'स्वयंसिद्धा-2027' कार्यक्रम के लिए गणेश चतुर्थी के अवसर पर भगवान श्री गणेश को प्रथम निमंत्रण अर्पित किया गया। मुख्य इकाई एवं महिला इकाई के पदाधिकारियों और सदस्यों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर आयोजन के सफल एवं निर्विघ्न संपन्न होने की कामना की। संस्था के उपाध्यक्ष रमेश भराडिया ने बताया कि 'स्वयंसिद्धा-2027' प्रदर्शनी का आयोजन महिला उद्यमियों एवं लघु उद्योगों को अपने उत्पादों, प्रतिभा और उद्यमिता को व्यापक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से महिला उद्यमियों को प्रोत्साहन देने के साथ उनके उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने कहा कि भारतीय परंपरा के अनुसार किसी भी शुभ कार्य का शुभारंभ प्रथम पूज्य भगवान गणेश के आशीर्वाद से किया जाता है। इसी भावना के साथ स्वयंसिद्धा-2027 के लिए पहला निमंत्रण भगवान गजानन को अर्पित कर आयोजन की तैयारियों का शुभारंभ किया गया।

पांच नगरीय निकायों के चुनाव परिणाम घोषित

ब्यावर में बहुमत से दूर भाजपा-कांग्रेस, निर्दलीयों की भूमिका अहम

भाजपा 23, कांग्रेस 20, आरएलपी 4 और निर्दलीयों ने 13 वार्डों में दर्ज की जीत

स्मार्ट हलचल

ब्यावर। नगरीय निकाय चुनाव-2026 के तहत जिले के पांच नगरीय निकायों के चुनाव परिणाम सोमवार को घोषित कर दिए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी कमल राम मीना के निर्देशन में ब्यावर, विजयनगर, मसूदा, जैतारण एवं रायपुर में मतगणना शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मतगणना के बाद सभी पांचों नगरीय निकायों के परिणाम घोषित कर दिए गए। संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों एवं निर्वाचन टीमों ने निष्पक्षता, पारदर्शिता और निर्धारित निर्वाचन नियमों के अनुसार मतगणना प्रक्रिया पूरी करवाई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

ब्यावर में किसी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं

ब्यावर नगर परिषद के 60 वार्डों के परिणाम में किसी भी राजनीतिक दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला। भाजपा ने 23 वार्डों में जीत दर्ज कर सबसे बड़ी पार्टी का स्थान हासिल किया। कांग्रेस के 20 प्रत्याशी विजयी रहे। वहीं आरएलपी के चार और निर्दलीय प्रत्याशियों ने 13 वार्डों में जीत दर्ज की। ऐसे में नगर परिषद में बोर्ड गठन को लेकर निर्दलीय पार्षदों की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है।

पांचों निकायों में दलों का प्रदर्शन

मसूदा नगरपालिका: 20 वार्डों में भाजपा ने 12, कांग्रेस ने 6 और निर्दलीयों ने 2 वार्डों में जीत दर्ज की।

विजयनगर नगरपालिका: 40 वार्डों में भाजपा के 19, कांग्रेस के 15 और निर्दलीय प्रत्याशियों के 6 प्रत्याशी विजयी रहे।

जैतारण नगरपालिका: 25 वार्डों में भाजपा ने 19 और कांग्रेस ने 6 वार्डों में जीत हासिल की। यहां भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिला है।

रायपुर नगरपालिका: 25 वार्डों में भाजपा ने 18, कांग्रेस ने 2 और आरएलपी ने 4 वार्डों में जीत दर्ज की। एक वार्ड में निर्दलीय प्रत्याशी विजयी रहा।

बिना पास मतगणना स्थल में प्रवेश के प्रयास पर विधायक का विरोध

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जताई आपत्ति, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने लौटने के निर्देश दिए

स्मार्ट हलचल

ब्यावर। नगर परिषद चुनाव की मतगणना के दौरान भाजपा विधायक शंकर सिंह रावत के बिना अधिकृत पास मतगणना स्थल में प्रवेश के प्रयास को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया। जानकारी के अनुसार, मुख्य गेट पर अनुमति नहीं मिलने के बाद विधायक ने प्रशासनिक गेट से प्रवेश का प्रयास किया। इस पर भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आपत्ति जताई। मामले की सूचना मिलने पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्म लाल जाट मौके पर पहुंचे। उन्होंने विधायक को मतगणना स्थल में प्रवेश नहीं करने और वापस लौटने के निर्देश दिए। इसके बाद विधायक मतगणना स्थल से लौट गए। प्रशासन ने मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के तहत बिना अधिकृत पास किसी भी व्यक्ति के प्रवेश पर सख्ती बरतने की बात कही।

बीगोद में भाजपा का बोर्ड बनना लगभग तय, 25 में 12 वार्डों पर भाजपा की जीत; कांग्रेस 6 और निर्दलीय 7 सीटों पर विजयी

स्मार्ट हलचल

बीगोद । बीगोद नगर पालिका चुनाव में अब तक सामने आए 25 वार्डों के परिणामों ने बोर्ड गठन की तस्वीर काफी हद तक साफ कर दी है। भाजपा ने 12 वार्डों में जीत दर्ज कर स्पष्ट बढ़त बना ली है। कांग्रेस के खाते में 6 सीटें आई हैं, जबकि 7 वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशी विजयी हुए हैं। 25 सदस्यीय नगर पालिका में भाजपा के 12 पार्षद निर्वाचित होने के साथ भाजपा सबसे बड़े दल के रूप में सामने आई है। कांग्रेस 6 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि 7 निर्दलीय पार्षद भी बोर्ड का हिस्सा बनेंगे। बीगोद के अब तक के परिणामों का सीट गणित देखें तो भाजपा को 12, कांग्रेस को 6 और निर्दलीयों को 7 सीटें मिली हैं। भाजपा के पास अपने दम पर सबसे अधिक सीटें हैं और बोर्ड गठन के लिहाज से उसकी स्थिति मजबूत नजर आ रही है।

निर्दलीय भी महत्वपूर्ण भूमिका में

बीगोद के चुनाव परिणाम की एक खास बात यह रही कि 7 निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की। स्थानीय राजनीतिक समीकरणों में इन निर्दलीयों की भूमिका भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। दिए गए राजनीतिक आकलन के अनुसार इन विजयी निर्दलीयों में भाजपा और कांग्रेस, दोनों प्रमुख राजनीतिक विचारधाराओं से जुड़े लोग भी शामिल हैं। हालांकि सरकारी चुनाव रिकॉर्ड में ये सभी विजेता निर्दलीय प्रत्याशी ही माने जाएंगे।

वार्डवार परिणाम

वार्ड 1 – मन्नू देवी गुर्जर – कांग्रेस
वार्ड 2 – नंदलाल माली – भाजपा
वार्ड 3 – गंगा लाल बैरवा – कांग्रेस
वार्ड 4 – शंकर गुर्जर – भाजपा
वार्ड 5 – अमृता चंदनानी – भाजपा
वार्ड 6 – मनीषा तालू – निर्दलीय
वार्ड 7 – लोकेश नागौरी – भाजपा
वार्ड 8 – हमीद पटेल – निर्दलीय
वार्ड 9 – सद्दाम – निर्दलीय
वार्ड 10 – जाकिर लोहार – कांग्रेस
वार्ड 11 – मुनीर लोहार – निर्दलीय
वार्ड 12 – इस्माईल लुहार – कांग्रेस
वार्ड 13 – मोहम्मद फिरोज – कांग्रेस
वार्ड 14 – सरोज देवी – भाजपा
वार्ड 15 – सुनीता वैष्णव – भाजपा
वार्ड 16 – रानी बैरवा – निर्दलीय
वार्ड 17 – चिंता देवी गुर्जर – भाजपा
वार्ड 18 – शांति देवी – भाजपा
वार्ड 19 – सुरेश कीर – निर्दलीय
वार्ड 20 – अशोक रेगर – भाजपा
वार्ड 21 – निर्मल खटीक – कांग्रेस
वार्ड 22 – संतोष खटीक – भाजपा
वार्ड 23 – हेमंत खटीक – भाजपा
वार्ड 24 – नंदलाल भील – भाजपा
वार्ड 25 – नारायण गुर्जर – निर्दलीय

भाजपा 12 सीटों के साथ सबसे आगे

बीगोद नगर पालिका के 25 वार्डों में भाजपा ने 12 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की है। कांग्रेस 6 सीटों पर सिमट गई है, जबकि निर्दलीयों ने 7 सीटें जीतकर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है।

अब नजर बोर्ड गठन और अध्यक्ष पद पर

चुनावी परिणाम सामने आने के बाद अब सभी की निगाहें नगर पालिका अध्यक्ष पद के चुनाव और बोर्ड गठन पर टिक गई हैं। भाजपा की 12 सीटों की बढ़त के कारण बोर्ड पर भाजपा का दावा मजबूत माना जा रहा है। वहीं 7 निर्दलीय पार्षदों के राजनीतिक रुख और आगे बनने वाले समीकरण भी महत्वपूर्ण रहेंगे।

स्मार्ट हलचल बीगोद नगर पालिका के परिणामों और अध्यक्ष पद के चुनाव से जुड़ी आगे की राजनीतिक गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए हुए है।

पुष्कर में सबसे ज्यादा वोटो से वार्ड 22 के भाजपा उम्मीदवार मुकेश कुमावत 504 वोटो से जीते तीसरी बार जीत की दर्ज

पुष्कर में भाजपा की 25 में 19 सीटों पर कमल का कब्जा, लगातार तीसरी बार बनेगा भाजपा का बोर्ड

वार्ड 11 से निर्दलीय प्रियंका पाराशर पत्नी रवि बाबा ओर वार्ड 13 से निर्दलीय हिमांशु कुमावत की शानदार जीत

विष्णु सेन और मुकेश कुमावत ने लगाई जीत शानदार

सबसे कम वोटो से वार्ड 20 की भाजपा उम्मीदवार नीलम जादम 2 वोटो से जीती

स्मार्ट हलचल

पुष्कर/ अजमेर/ पुष्कर नगर परिषद के निकाय चुनाव 2026 के नतीजों ने शहर की सियासत में एक बार फिर कमल की ताकत साबित कर दी है। 25 वार्डों वाली नगर परिषद में भाजपा ने ऐसा सियासी प्रदर्शन किया है, जिसने बोर्ड की तस्वीर पूरी तरह साफ कर दी है। 25 में से 19 वार्डों पर भाजपा ने जीत दर्ज कर स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है। इस शानदार जीत के साथ ही पुष्कर में भाजपा ने नगर परिषद की सत्ता पर लगातार तीसरी बार कब्जा जमाने की राह साफ कर ली है। यानी पुष्कर की स्थानीय राजनीति में भाजपा ने लगातार तीसरी बार अपना बोर्ड बनाने की पूरी कर ली है। भाजपा की इस जीत ने सिर्फ बोर्ड का गणित नहीं बदला, बल्कि पुष्कर की स्थानीय राजनीति में पार्टी के प्रभाव और संगठनात्मक पकड़ को भी मजबूती से सामने ला दिया है।

19 सीटों के साथ भाजपा का दबदबा

चुनावी नतीजों में भाजपा ने 19 वार्ड अपने नाम किए हैं। वहीं कांग्रेस के खाते में सिर्फ 4 सीटें आई हैं, जबकि 2 वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। 25 सदस्यीय नगर परिषद में भाजपा का आंकड़ा इतना मजबूत है कि बोर्ड गठन को लेकर अब तस्वीर लगभग पूरी तरह स्पष्ट है। भाजपा ने बहुमत के आंकड़े को काफी पीछे छोड़ते हुए नगर परिषद की सत्ता पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। चुनाव परिणामों का सबसे बड़ा संदेश यही है कि पुष्कर की स्थानीय राजनीति में भाजपा का प्रभाव बरकरार है और पार्टी लगातार तीसरी बार नगर परिषद की सत्ता में वापसी करने जा रही है।

कांग्रेस को बड़ा सियासी झटका

भाजपा की 19 सीटों की आंधी के सामने कांग्रेस सिर्फ चार वार्डों तक सिमट गई। चुनाव परिणाम कांग्रेस के लिए निश्चित तौर पर बड़ा राजनीतिक झटका माने जा रहे हैं। जहां भाजपा खेमे में जीत का जश्न है, वहीं कांग्रेस के सामने अब अपने स्थानीय संगठन, चुनावी रणनीति और कमजोर प्रदर्शन की समीक्षा की चुनौती खड़ी हो गई है। भाजपा और कांग्रेस के बीच सीटों का अंतर इतना बड़ा है कि इस बार मुकाबला सिर्फ जीत-हार तक सीमित नहीं रहा, बल्कि परिणामों ने नगर परिषद की सत्ता के राजनीतिक संतुलन को ही एकतरफा कर दिया।

निर्दलीयों ने भी छोड़ी अपनी छाप

पुष्कर की सियासत में निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। दो वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत हासिल की है। वार्ड 11 से प्रियंका पाराशर पत्नी रवि बाबा ने भाजपा प्रत्याशी नीलम पाराशर को 143 मतों से हराया तो वही वार्ड 13 से निर्दलीय प्रत्याशी हिमांशु कुमावत ने भी शानदार जीत की और 232 वोटो से निर्दलीय उम्मीदवार लक्ष्मीनारायण लाला को हराया इसमें भाजपा के जयनारायण दगदी तीसरे नम्बर पर रहे। जबकि भाजपा के 19 पार्षदों के मजबूत बहुमत के चलते इन दो सीटों की भूमिका बोर्ड गठन में निर्णायक नहीं होगी, लेकिन आने वाले समय में नगर परिषद की राजनीति में इन निर्वाचित निर्दलीय पार्षदों की भूमिका पर नजर जरूर रहेगी।

अब नजर सभापति की कुर्सी पर

बोर्ड का गणित साफ होते ही पुष्कर की राजनीति का अगला बड़ा सवाल सामने आ गया है–नगर परिषद की सभापति की कुर्सी किसके हिस्से आएगी?

भाजपा की ओर से रोहन बाकोलिया को सभापति पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। भाजपा के पास 19 पार्षदों का मजबूत समर्थन होने के कारण सभापति पद पर भी पार्टी की स्थिति बेहद मजबूत दिखाई दे रही है। जबकि अंतिम फैसला भाजपा संगठन और पार्टी नेतृत्व की रणनीति के बाद ही सामने आएगा, लेकिन राजनीतिक गलियारों में रोहन बाकोलिया का नाम सबसे ज्यादा चर्चा में है।

तीन चुनाव, तीन बार भाजपा का बोर्ड

पुष्कर नगर परिषद की राजनीति में भाजपा के लिए यह नतीजा इसलिए भी खास है क्योंकि पार्टी लगातार तीसरी बार बोर्ड बनाने जा रही है।

एक बार सत्ता, फिर दोबारा सत्ता और अब तीसरी बार सत्ता

भाजपा ने पुष्कर में स्थानीय निकाय की राजनीति में लगातार तीसरी बार जीत दर्ज की है ।

यह जीत भाजपा के लिए केवल 19 पार्षदों की जीत नहीं है। यह उस राजनीतिक पकड़ का संकेत भी है, जो पार्टी ने पुष्कर में लगातार मजबूत की है।

चुनाव परिणामों ने यह भी दिखा दिया कि पुष्कर की स्थानीय राजनीति में फिलहाल भाजपा और अन्य दलों के बीच बड़ा अंतर बना हुआ है।

जीत के साथ बढ़ीं उम्मीदें

अब भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती इस जीत को विकास की कसौटी पर साबित करने की होगी। लगातार तीसरी बार बोर्ड बनने के बाद शहरवासियों की उम्मीदें भी बढ़ना स्वाभाविक है। पुष्कर धार्मिक और पर्यटन नगरी है। ऐसे में शहर की सफाई व्यवस्था, यातायात, पार्किंग, सड़कें, पेयजल, रोशनी, अतिक्रमण, पर्यटन सुविधाएं और शहर के सौंदर्यीकरण जैसे मुद्दे नई परिषद के सामने बड़ी प्राथमिकताएं रहेंगी। जनता ने भाजपा को स्पष्ट बहुमत दिया है, ऐसे में अब विपक्ष की संख्या भले ही कम हो, लेकिन जनता की नजर नई परिषद के कामकाज पर जरूर रहेगी।

भाजपा के शिव स्वरूप महर्षि और जयनारायण दगदी नहीं बचा पाए अपनी प्रतिष्ठा

भाजपा के पूर्व उपसभापति एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शिव स्वरूप महर्षि और जय नारायण दगदी अपनी प्रतिष्ठा नहीं बचा पाए शिवस्वरूप महर्षि लगातार तीन बार पार्षद का चुनाव जीत चुके थे वही जयनारायण दगदी लगातार चार बार चुनाव जीत चुके थे लेकिन इस बार दोनों को ही हार का सामना करना पड़ा।

भाजपा के आठ में से साथ सात निवर्तमान पार्षद पुनः जीते

बीजेपी के आठ में से 7 निवर्तमान पार्षद पुन:जीतकर नगर परिषद में पहुंचे हैं भाजपा के रोहन बाकोलिया वंदना पाराशर ,लक्ष्मी पाराशर ,धर्मेंद्र नागोरा ,भगवती भाटी ,विष्णु सेन और मुकेश कुमावत को जनता ने एक बार फिर मौका दिया तो वही जय नारायण दगदी इस बार चुनाव हार गए ।

कांग्रेस के ओमप्रकाश डोलिया ने कांग्रेस की बचाई लाज

नगर परिषद के चुनाव में ओमप्रकाश डोलिया एकमात्र कांग्रेस के ऐसे पार्षद है जो लगातार दूसरी बार चुनाव जीत कर नगर परिषद में पहुंचे हैं।

पुष्कर में फिर भाजपा का कमल

चुनाव परिणामों की पूरी तस्वीर पर नजर डालें तो जनादेश बिल्कुल स्पष्ट है

भाजपा – 19 सीट

कांग्रेस – 4 सीट

निर्दलीय – 2 सीट

यानी 25 वार्डों की नगर परिषद में भाजपा ने अकेले दम पर ऐसा बहुमत हासिल किया है, जिसने बोर्ड गठन का रास्ता पूरी तरह आसान कर दिया है। पुष्कर की सियासत में भाजपा की यह जीत अब सिर्फ चुनावी आंकड़ा नहीं, बल्कि लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की कहानी बन चुकी है। नतीजों ने साफ कर दिया है कि पुष्कर नगर परिषद की सियासत में फिलहाल कमल का दबदबा कायम है। भाजपा ने 19 सीटों के साथ कांग्रेस को काफी पीछे छोड़ते हुए एक बार फिर नगर परिषद की सत्ता पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। अब सबकी निगाहें नई परिषद के गठन और सभापति के नाम पर टिकी हैं। अगर रोहन बाकोलिया को पार्टी नेतृत्व की ओर से हरी झंडी मिलती है, तो पुष्कर नगर परिषद की राजनीति में एक नया अध्याय शुरू होगा।

25 वार्डों का जनादेश सामने है

19 कमल के साथ, 4 कांग्रेस के साथ और 2 निर्दलीयों के साथ। पुष्कर में भाजपा की लगातार तीसरी जीत... लगातार तीसरी बार बोर्ड... और स्थानीय राजनीति में भाजपा की शानदार जीत ।

पुष्कर निकाय चुनाव रिजल्ट 2026

वार्ड 01

तनुजा (भाजपा) - 136

इमरती (निर्दलीय) - 131

जीत का अंतर - 5 वोट

वार्ड 02

राजेंद्र बाकोलिया (भाजपा) - 489

अनिल (कांग्रेस) - 231

जीत का अंतर - 258 वोट

वार्ड 03

नरेंद्र (भाजपा) - 435

मधुसूदन पाराशर (कांग्रेस) - 280

जीत का अंतर - 155 वोट

वार्ड 04

शरपत सिंह रावत (भाजपा) - 728

भागचंद (कांग्रेस) - 552

जीत का अंतर - 176 वोट

वार्ड 05

वंदना पाराशर (भाजपा) - 228

सुनीता (कांग्रेस) - 173

जीत का अंतर - 55 वोट

वार्ड 06

भुवनेश पाठक (भाजपा) - 562

मुरलीधर (कांग्रेस) - 61

जीत का अंतर - 501 वोट

वार्ड 07

सुशीला (भाजपा) - 428

श्वेता पाराशर (कांग्रेस) - 284

जीत का अंतर - 144 वोट

वार्ड 08

अनुज पाराशर 'बंटी' (भाजपा) - 202

वैद्यनाथ (कांग्रेस) - 186

जीत का अंतर - 16 वोट

वार्ड 09

लक्ष्मी पाराशर (भाजपा) - 316

कंचन देवी (कांग्रेस) - 133

जीत का अंतर - 183 वोट

वार्ड 10

धर्मेंद्र (भाजपा) - 426

प्रेम प्रकाश (कांग्रेस) - 224

जीत का अंतर - 202 वोट

वार्ड 11

प्रियंका पाराशर (निर्दलीय) - 439

नीलम पाराशर (भाजपा) - 296

जीत का अंतर - 143 वोट

वार्ड 12

वेद प्रकाश (भाजपा) - 406

विजय सिंह (कांग्रेस) - 295

जीत का अंतर - 111 वोट

वार्ड 13

हिमांशु कुमावत (निर्दलीय) - 348

लक्ष्मीनारायण (निर्दलीय) - 116

जीत का अंतर - 232 वोट

वार्ड 14

पुष्कर नारायण भाटी (भाजपा) - 311

निर्मल (कांग्रेस) - 93

जीत का अंतर - 218 वोट

वार्ड 15

ओमप्रकाश डोल्या (कांग्रेस) - 357

शिव स्वरूप महर्षि (भाजपा) - 195

जीत का अंतर - 162 वोट

वार्ड 16

सुनीता नायक (कांग्रेस) - 251

अमीषा (भाजपा) - 118

जीत का अंतर - 133 वोट

वार्ड 17

अंजलि रामावत (भाजपा) - 279

कांता (कांग्रेस) - 17

जीत का अंतर - 262 वोट

वार्ड 18

भगवती भाटी (भाजपा) - 384

मोनिका सैनी (निर्दलीय) - 147

जीत का अंतर - 237 वोट

वार्ड 19

हरिशंकर चौहान (भाजपा) - 407

प्रशांत वर्मा (कांग्रेस) - 382

जीत का अंतर - 25 वोट

वार्ड 20

नीलम (भाजपा) - 267

उमा दागदी (कांग्रेस) - 265

जीत का अंतर - 2 वोट

वार्ड 21

विष्णु प्रसाद (भाजपा) - 278

आयुष गिरि गोस्वामी (कांग्रेस) - 88

जीत का अंतर - 190 वोट

वार्ड 22

मुकेश (भाजपा) - 542

जितेंद्र गहलोत (कांग्रेस) - 38

जीत का अंतर - 504 वोट

वार्ड 23

मोहित पाराशर (भाजपा) - 270

कालूराम (निर्दलीय) - 181

जीत का अंतर - 89 वोट

वार्ड 24

नारायण दायमा (कांग्रेस) - 347

मदन (भाजपा) - 150

जीत का अंतर - 197 वोट

वार्ड 25

जय कुमार (कांग्रेस) - 247

सुखराम (निर्दलीय) - 142

जीत का अंतर - 105 वोट

कुल परिणाम: भाजपा-19 7
कांग्रेस-4 7 निर्दलीय-2

समीक्षा बैठक आयोजित

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में पन्नाधाय बाल गोपाल योजना की समीक्षा बैठक आयोजित

कम आपूर्ति वाले जिलों में वितरण व्यवस्था को गति देने के निर्देश

जयपुर(नि.सं.)। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में पन्नाधाय बाल गोपाल योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं विद्यालयों में दूध पाउडर के वितरण की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित हुई। मुख्य सचिव ने योजना के तहत विद्यालयों में दूध वितरण की प्रगति की जिलेवार समीक्षा की तथा आपूर्ति व्यवस्था से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर अधिकारियों से जानकारी ली।

दूध पाउडर के डिस्पैच एवं वितरण में हो समयबद्धता

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि विद्यालयों तक दूध पाउडर के डिस्पैच एवं डिलीवरी के बीच किसी प्रकार का अनावश्यक अंतराल नहीं रहे। उन्होंने कहा कि दूध पाउडर का विद्यालयों तक समयबद्ध एवं नियमित रूप से वितरण सुनिश्चित किया जाए ताकि योजना का लाभ विद्यार्थियों को निर्बाध रूप से मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को आपूर्ति श्रृंखला की निरंतर निगरानी करने तथा डिस्पैच के बाद विद्यालयों तक डिलीवरी में होने वाली देरी को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए।

कम आपूर्ति वाले जिलों पर विशेष फोकस

वी. श्रीनिवास ने निर्देश दिए कि जिन जिलों में विद्यालयों को दूध पाउडर की आपूर्ति अपेक्षाकृत कम है, वहां विशेष ध्यान देते हुए आपूर्ति व्यवस्था को गति दी जाए। उन्होंने जिलेवार प्रगति की नियमित समीक्षा करने और कम प्रगति वाले जिलों में आवश्यक समन्वय स्थापित कर निर्धारित समयावधि में लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग राजेश यादव, प्रमुख शासन सचिव, पशुपालन, मत्स्य एवं गोपालन विभाग विकास सीताराम भाले तथा आरसीडीएफ के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

'जनता दर्शन' में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पीड़ितों से मुलाकात की

हर पीड़ित की समस्या का समाधान करा रही सरकारः सीएम योगी

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पीड़ितों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि सरकार हर पीड़ित की उचित समस्या का समाधान कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

सीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की शिकायतों का निस्तारण संवेदनशीलता और शीघ्रता से किया जाए। उन्होंने हर पात्र व्यक्ति को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था करने और जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री 'जनता दर्शन' में कुर्सियों पर बैठे हर पीड़ित के पास खुद चलकर गए। उनकी समस्याओं व शिकायतों को ध्यान से सुना। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि हर पीड़ित की उचित समस्या का समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा। सीएम योगी आदित्यनाथ के समक्ष कुछ पीड़ितों ने पुलिस से जुड़ी अलग-अलग शिकायतें बताईं। इस पर सीएम सख्त हो गए। उन्होंने कहा कि पुलिस आयुक्त, एडीजी, आईजी, डीआईजी, एसएसपी स्तर के अधिकारी ध्यान दें, किसी भी मामले में थाना, चौकी, बीट स्तर पर हीलाहवाली की शिकायत बर्दाश्त नहीं होगी।

न्यूज इन बॉक्स

हरियाणा में 'नमो सेवा पोर्टल' लॉन्च, सेवा संकल्प अभियान से जुड़ सकेंगे आमजन और स्वयंसेवक

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में 'नमो सेवा पोर्टल' का शुभारंभ किया। सेवा संकल्प अभियान के दौरान यह पोर्टल आमजन, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों तथा स्वयंसेवकों को सेवा गतिविधियों से जोड़ने में सेतु का काम करेगा। सोमवार सांय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता द्वारा लांच किए गए नमो सेवा पोर्टल के माध्यम से इच्छुक नागरिक अपने मोबाइल नंबर के जरिए पंजीकरण कर सेवा कार्यों से जुड़ सकेंगे। www.bjpharyananamosewa.com पोर्टल पर अभियान के सभी 12 कार्यक्रमों के साथ-साथ 25 सेवा कार्यों की जानकारी दी गई है, जिसमें कोई भी नागरिक अपनी उपलब्धता अनुसार किसी भी सेवा कार्य मे अपनी भागीदारी कर सकता है। पोर्टल के माध्यम से पंजीकृत स्वयंसेवक अथवा नागरिक को सभी कार्यक्रमों को लेकर लेटेस्ट अपडेट मिलती रहेगी।

अलवर की सियासत में घमासान और तेज

अलवर नगर निकाय चुनाव में पुलिस प्रशासन भाजपा एजेंट के रूप में कर रहा काम : टीकाराम जूली

अलवर(वि.सं.)। नगर निकाय चुनाव के परिणाम आने के बाद अलवर की सियासत में घमासान और तेज हो गया है। कांग्रेस के निर्वाचित पार्षदों की कथित बाड़ेबंदी और उन्हें पुलिस द्वारा उठाए जाने के दावे को लेकर नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली सोमवार को कांग्रेस के जीते हुए पार्षदों के साथ एसपी कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा सरकार, पुलिस और प्रशासन पर जमकर निशाना साधा। जूली ने आरोप लगाया कि केंद्रीय मंत्री और राज्यमंत्री के इशारे पर अलवर में लोकतंत्र का मखौल उड़ाया जा रहा है और नगर निकाय चुनाव के बाद पुलिस एवं प्रशासन भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के निर्वाचित पार्षदों को गुंडागर्दी के जरिए उठाने की जरूरत नहीं है। यदि भाजपा को पार्षद चाहिए तो कांग्रेस स्वयं उन्हें सौंपने के लिए तैयार है।

इतनी ही लालसा है तो ले जाइए हमारे पार्षदः टीकाराम जूली ने तीखे अंदाज में कहा कि भाजपा को यदि बोर्ड बनाने की इतनी ही लालसा है तो कांग्रेस के पार्षदों को जबरन उठाने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, हम खुद पार्षदों को लेकर एसपी कार्यालय आए हैं। ले जाइए हमारे पार्षद, लेकिन लोकतंत्र की हत्या मत कीजिए। जूली ने आरोप लगाया कि भाजपा पूर्ण बहुमत हासिल नहीं कर पाने के कारण बौखलाई हुई है और अब सत्ता के दबाव में पुलिस-प्रशासन का इस्तेमाल कर बोर्ड बनाने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने कहा कि अलवर में जनता ने भाजपा को स्पष्ट जनादेश देने से इनकार किया है। ऐसे में भाजपा को जनादेश का सम्मान करना चाहिए, न कि पुलिस और प्रशासन के माध्यम से राजनीतिक दबाव बनाने का प्रयास करना चाहिए। जूली ने अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 10 से जुड़ी एक घटना का भी मुद्दा उठाया।

बाढ़ से स्थायी समाधान को प्रयास जारी

शिवराज के नेतृत्व में टीम करेगी क्षति का आकलन : सम्राट चौधरी

पटना (एजेंसी)। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को कहा कि राज्य में बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान के लिए सरकार गंभीरता से प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में एक केंद्रीय टीम बिहार आएगी और बाढ़ से उत्पन्न स्थिति एवं क्षति का आकलन करेगी। मुख्यमंत्री ने इस पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया। मुख्यमंत्री ने यह बात नेहरू पथ स्थित बिहार राज्य अभिलेख भवन के सभागार में आयोजित हिंदी दिवस समारोह-सह-कवि सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि बिहार की नदियां राज्य के जीवन और अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार हैं। इसलिए नदियों को जोड़ने के साथ-साथ उनका संरक्षण भी जरूरी है। नदी तंत्र के संरक्षण, जल प्रबंधन और बाढ़ नियंत्रण के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ काम किया जा रहा है। सम्राट चौधरी ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि बाढ़ से होने वाली जन-धन की क्षति को कम किया जाए और इस समस्या का स्थायी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो।

बजरी परिवहन का वीडियो बनाकर पुलिस अधिकारियों को भेजने वाले युवक की अवैध गिरफ्तारी पर सवाल, बनेठा पुलिस की कार्रवाई जांच के घेरे में

युवक के साथ बनेठा थाने में आरोपी हेड कांस्टेबल दयाराम जाट द्वारा मारपीट व दुर्व्यवहार के लगाए आरोप-गिरफ्तारी के स्थान और फर्जी कार्रवाई को लेकर उठे गंभीर सवाल

स्मार्ट हलचल

टोंक/उनियारा। उनियारा सर्किल के बनेठा थाना क्षेत्र में कथित अवैध बजरी परिवहन का वीडियो बनाकर पुलिस अधिकारियों को भेजने वाले एक युवक को नियम विरूद्ध मनगढ़ंत तरीके से शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किए जाने का मामला सामने आया है। युवक एवं उसके परिजनों ने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच की मांग की है। वहीं, पुलिस की ओर से युवक के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई किए जाने की बात सामने आई है। जानकारी के अनुसार, मीनों की झोपड़ियां निवासी प्रधान मीणा ने शुक्रवार, 11 सितंबर की रात सूरज्या भैरू मोड़-अलीगढ़ रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास बजरी से भरे करीब आधा दर्जन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का वीडियो बनाया तथा उसे पुलिस अधिकारियों को भेजा। इसके बाद बनास नदी क्षेत्र में डेम के पास बजरी भरने वाले अन्य वाहनों की जानकारी मिलने पर युवक वहां भी गया था।

युवक व परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप

युवक एवं उसके परिजनों का आरोप है कि बजरी परिवहन से जुड़े कुछ लोगों की ओर से पीछा करने एवं मारपीट की धमकी मिलने के बाद युवक सवाई माधोपुर जिले के शिवाड़ स्थित देवनारायण भोजनालय पर खाना खाने चला गया। परिजनों के अनुसार, शुक्रवार देर रात करीब 11:51 बजे बनेठा थाना पुलिस के थानाधिकारी का रीडर हेड कांस्टेबल एवं ड्यूटी ऑफिसर दयाराम जाट(323), 112 वाहन चालक कालूराम चौधरी सहित एक अन्य प्राइवेट बजरी माफिया व्यक्ति नरेश (नरसी) गुर्जर निवासी कल्याणपुरा वहां पहुंचे और युवक को जबरन गिरफ्तार कर अपने साथ ले गए। युवक ने आरोप लगाया है कि शिवाड़ से पुलिस वाहन में बिठाने के बाद रास्ते में उसके साथ मारपीट व गाली गलौच कर बाल नोचे गए। बनेठा थाने लाने के बाद उसके साथ मारपीट की गई तथा गाली-गलौच एवं जातिसूचक शब्द इस्तेमाल किए गए तथा बाल पकड़कर खींचने का भी आरोप लगाया गया है। युवक का दावा है कि उसके कान के नीचे एवं गाल पर चोट के निशान स्पष्ट हैं। कथित आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि फिलहाल नहीं हुई है। पुलिस का विस्तृत पक्ष इस संबंध में सामने आना शेष है।

गिरफ्तारी के स्थान और प्रक्रिया को लेकर सवाल

युवक सहित परिजनों एवं स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रधान मीणा को सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा थाना क्षेत्र के शिवाड़ से बनेठा थाना पुलिस द्वारा पकड़ा गया था, तो गिरफ्तारी का वास्तविक स्थान, पुलिस दल की रवानगी एवं वापसी, रोजनामचा रपट तथा गिरफ्तारी से संबंधित दस्तावेजों की जांच की जानी चाहिए। युवक का दावा है कि शिवाड़ स्थित देवनारायण भोजनालय में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं और युवक को वहां से ले जाने की घटना कैमरे में रिकॉर्ड हुई है। उनके अनुसार संबंधित सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित की गई है। ऐसे में जांच का महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि युवक को वास्तव में किस स्थान से पकड़ा गया और यदि बनेठा थाना क्षेत्र से बाहर कार्रवाई की गई थी तो संबंधित पुलिस प्रक्रिया क्या अपनाई गई।

गिरफ्तारी के कारण को लेकर अलग-अलग विरोधाभास जानकारी का दावा

मामले में मीडिया द्वारा पुलिस से जानकारी लेने पर गिरफ्तारी के कारण को लेकर अलग-अलग विरोधाभास जानकारी मिलने का दावा किया गया है। एक पत्रकार के अनुसार थानाधिकारी हीरालाल वर्मा एवं हेड कांस्टेबल दयाराम जाट ने युवक के शराब के नशे में होने तथा शांतिभंग की कार्रवाई किए जाने की बात बताई। वहीं, दूसरे पत्रकार को थानाधिकारी द्वारा युवक को बजरी की रैकी करने के आरोप में गिरफ्तार किए जाने की बात बताए जाने का दावा किया गया है। दूसरी ओर, परिजनों का कहना है कि युवक को शिवाड़ स्थित भोजनालय से पकड़ा गया। ऐसे में गिरफ्तारी के कारण और स्थान से संबंधित रिकॉर्ड की जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट किए जाने की मांग की जा रही है। अगर युवक किसी मामले में फरार था तो अकेला हैड कांस्टेबल दयाराम जाट ही शिवाड़ क्यों किस नियम कानून के तहत वहां पहुंचा। यह भी जानकारी सामने आई हैं कि हेड कांस्टेबल दयाराम जाट बिना अनुमति व बिना रोजनामचा रपट के दूसरे जिले के थाना क्षेत्र में नियम विरूद्ध बजरी माफिया को 112 पुलिस वाहन में अपने साथ लेकर गया था। पुलिस ने युवक के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई करते हुए उसे उपखंड मजिस्ट्रेट, उनियारा के समक्ष पेश किया। इसके बाद शनिवार शाम युवक को पाबंद कर रिहा किए जाने की जानकारी सामने आई है।

पुलिस को सूचना देने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई पर सवाल

युवक सहित परिजनों, स्थानीय लोगों एवं अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद राजस्थान का कहना है कि पुलिस आमजन से अवैध एवं संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने की अपील करती है। ऐसे में यदि युवक ने बजरी परिवहन का वीडियो बनाकर पुलिस अधिकारियों को उपलब्ध कराया था, तो उसके बाद उसी युवक के खिलाफ की गई कार्रवाई के कारण को स्पष्ट किया जाना चाहिए। स्थानीय लोगों का सवाल है कि युवक द्वारा पुलिस अधिकारियों को भेजे गए वीडियो में यदि बजरी से भरे वाहन दिखाई दे रहे थे, तो उन वाहनों की पहचान और उनके विरुद्ध की गई कार्रवाई की भी जानकारी सामने आनी चाहिए।

हेड कांस्टेबल की डीओ ड्यूटी को लेकर भी उठे सवाल

स्थानीय स्तर पर यह चर्चा भी सामने आई है कि 7 से 11 सितंबर तक हेड कांस्टेबल दयाराम जाट (323) की ड्यूटी ऑफिसर के रूप में रही। इसी अवधि में कथित बजरी परिवहन को लेकर सामने आई शिकायतों एवं वीडियो के संदर्भ में भी स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं। हालांकि इस संबंध में लगाए जा रहे आरोपों एवं चर्चाओं की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। इसलिए संबंधित रिकॉर्ड एवं उच्च अधिकारियों की जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। वहीं ग्रामीणों ने हैड कांस्टेबल दयाराम जाट से जुड़ी आय संपत्ति की जांच करवाने की मांग भी रखी गई हैं।

हैड कांस्टेबल के स्थानांतरण को लेकर भी मांगी जानकारी

स्थानीय लोगों के अनुसार हेड कांस्टेबल दयाराम जाट (323) के स्थानांतरण को लेकर भी चर्चा है। यदि उनका स्थानांतरण आदेश जारी हुआ था तो उन्हें बनेठा थाने से रिलीव किए जाने अथवा नहीं किए जाने की प्रशासनिक स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए। स्थानीय स्तर पर उनके खिलाफ कुछ अन्य गंभीर आरोपों व कथित अवैध चौथ वसूली की चर्चाएं भी सामने आई हैं, लेकिन इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। संबंधित अधिकारी या पुलिस विभाग का पक्ष सामने आने पर उसे भी प्रकाशित किया जाना उचित होगा।

रिकॉर्ड एवं साक्ष्यों की जांच की मांग

स्थानीय लोगों ने उच्च पुलिस अधिकारियों से 11 सितंबर की रात की पुलिस गश्त, शिवाड़ जाने का कारण, रोजनामचा रपट, गिरफ्तारी का वास्तविक स्थान, गिरफ्तारी का आधार तथा शांतिभंग की कार्रवाई से संबंधित दस्तावेजों की जांच कराने की मांग की है। इसके साथ ही बनेठा थाना क्षेत्र के 112 वाहन की जीपीएस लोकेशन, संबंधित अवधि के थाना परिसर के सीसीटीवी फुटेज तथा युवक द्वारा पुलिस अधिकारियों को भेजे गए वीडियो की जांच कराने की मांग भी की गई है। यदि शिवाड़ स्थित भोजनालय का सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध है तो उसकी भी निष्पक्ष जांच कर घटनाक्रम की वास्तविक स्थिति सामने लाने की मांग की गई है।

जांच के बाद स्पष्ट होंगे प्रमुख सवाल

युवक को शांतिभंग में गिरफ्तार करने का वास्तविक आधार क्या था?

युवक को वास्तव में किस स्थान से पुलिस ने पकड़ा?

यदि कार्रवाई थाना क्षेत्र से बाहर हुई तो संबंधित पुलिस प्रक्रिया क्या अपनाई गई?

11 सितंबर की रात शिवाड़ जाने का उल्लेख रोजनामचा रपट में दर्ज है या नहीं?

पुलिस अधिकारियों को भेजे गए बजरी परिवहन के वीडियो पर क्या कार्रवाई हुई?

वीडियो में दिखाई देने वाले वाहनों की पहचान कर उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई की गई या नहीं?

युवक द्वारा लगाए गए मारपीट एवं दुर्व्यवहार के आरोपों की मेडिकल रिपोर्ट, सीसीटीवी और अन्य साक्ष्यों से जांच हुई या नहीं?

112 वाहन की संबंधित अवधि की जीपीएस लोकेशन क्या बताती है?

यदि हेड कांस्टेबल दयाराम जाट का स्थानांतरण हुआ था तो उनके रिलीव होने की प्रशासनिक स्थिति क्या है?

मामले में लगाए गए आरोपों की वास्तविकता रोजनामचा, गिरफ्तारी संबंधी दस्तावेज, मेडिकल रिकॉर्ड, सीसीटीवी फुटेज, जीपीएस डाटा एवं अन्य उपलब्ध साक्ष्यों की निष्पक्ष जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस या संबंधित अधिकारियों का विस्तृत पक्ष प्राप्त होने पर उसे भी खबर में प्रमुखता से शामिल किया जाएगा।

सांगोद में भाजपा ने पूर्ण बहुमत के साथ बनाया भाजपा का बोर्ड

उर्जा मंत्री के क्षेत्र हुये विजय प्रत्याशी को पहनाई माला

सांगोद में हुई जोरदार आतिशबाजी जमकर बाटे लड्डू

निर्दलीयों ने भी भाजपा का समर्थन किया

स्मार्ट हलचल

सांगोद सोमवार को नगर पालिका सांगोद के वार्ड संख्या 1 से 35 तक के लिए हुई मतगणना में भाजपा ने बहुमत का जादुई आंकडे से आगे बढत बनाते हुए 20 वार्डों में अपना परचम लहराने में सपफल रही,वहीं इंडियन नेशनल कांग्रेस 11 वार्डो में ही सिमट कर रह गई।इस बार निर्दलीयों ने 4 वार्ड जीतकर भाजपा व कांग्रेस दोनों दलों को चौका दिया।जीत के बाद चारों निर्दलीयों ने भी भाजपा का दामन थामकर बहुमत के आंकडे को आगे बढा दिया। सांगोद नगर पालिका के वार्ड संख्या 1 से 35 तक की मतगणना का काम शहीद हेमराज मीणा राजकीय महाविधालय सांगोद में सुबह 8 बजे से शुरू हुआ,इससे पूर्व ही भाजपा,कांग्रेस व निर्दलीयों के अभिकर्ता मतगणना स्थल पर पहुंच गए थे।मतगणनपा 5 टेबिल पर 7 चरणों में संपन्न हुई,पहले 1 से 5 वार्डो के लिए मतगणना शुरू हुई,इसके बाद अलग अलग चरणों में ईवीएम से बाहर किस्मत के पिटारों को निकाला गया,मतगणना स्थल के बाहर अच्छी खासी संख्या में दोनों दलों के कार्यकर्ता मौजूद रहे,जो रूझानों के साथ ही खुशी का इजहार करते रहे,पूरे नगर में लोग किस दल को बहुमत मिलेगा,वहीं कौन किस वार्ड सें जीता ये कयास लगाते रहे।भाजपा ने ये चुनाव विकास को मुद्दा बनाकर उर्जा मंत्री हीरालाल नागर के नेतृत्व में पूरे दम,खम के साथ गुटबाजी को दूर करके लडा तो इसमें उन्हें फतह हासिल हुई।भाजपा ने जातिवाद के आधार पर टिकट वितरण का फार्मूला भी काम आया,वहीं कांग्रेस इस चुनाव में प्रचार प्रसार में पीछे रही,काग्रेस पार्टी टिकट वितरण के बाद प्रत्याशियों के प्रचार प्रसार के दम पर ही खडी दिखी। प्रदेश में जिसकी सरकार सांगोद में बोर्ड उसी का पैर्टन फिर चला:-स्थानीय निकाय के चुनाव जब जब भी पूरे प्रदेश में किसी भी चरण में हुए हो,यहां एक अनूठी किदवंती देखने को मिली कि प्रदेश में जिसकी सरकार रही उसी का बोर्ड यहां बना,कांगेस के शासन में कांग्रेस व भाजपा की सत्ता में भाजपा,सांगोद के वोटरों ने प्रत्येक चुनाव में कडी से कडी मिलाकर नगर के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का काम किया।पूर्व बोर्ड में गहलोत सरकार के समय यहां कांग्रेस का बोर्ड रहा।इससे पूर्व के हाल भी इसी तरह के देखने को मिले। वर्ष 2019 से वर्ष 2024 तक नगर पालिका सांगोद की चैयरमैन रही कविता गहलोत के ससुर इस बार नगर पालिका सांगोद के वार्ड नं 14 से कांग्रेस के टिकट पर चुनावी मैदान में थे,वहीं उनके सामने पूर्व में भाजपा चेयरमैन रहे शिवकांत शर्मा के ज्येष्ठ पुत्र पंकज शर्मा पर विश्वास कायम करते हुए भाजपा ने मैदान में प्रत्याशी बनाया था,पूर्व पालिकाध्यक्ष कविता गहलोत का ये गृह वार्ड बताया जाता है,अपने गृह वार्ड में भी कांग्रेस से राजेन्द्र गहलोत हार गए,भाजपा पंकज शर्मा 295 व कांग्रेस के राजेन्द्र गहलोत को मात्र 148मत मिले,147 मतों से भाजपा के पंकज शर्मा विजेता रहे। नगर पालिका सांगोद के वार्ड संख्या 5 के परिणामों ने एक बारगी सभी को हैरत में डाल दिया,मतगणना स्थल पर ईवीएम मशीन से गणना कर रहे प्रगणक भी चौक गए,यहां भाजपा के विकास मेहता को 241 मत मिले तो निर्दलीय तौर पर किस्मत आजमा रहे सत्यनारायण को भी 241 वोट मिले,दोनों के मतों का अंतर समान रूप से आने के कारण मतगणना कुछ देरी के लिए रोकनी पड गई तथा बाद में गोठी से भाजपा विकास मेहता व निर्दलीय सत्यनारायण के नतीजों का फैसला पर्ची से करना पडा,जिसमें सत्यनारायण गोठी से जितने में सफल हुए।

भाजपा के सियासी समीकरणों को निर्दलीयों ने दिया बड़ा झटका, 39 वार्डों में परचम; सभापति की राह भी साफ

स्मार्ट हलचल,

हिण्डौन सिटी । नगर परिषद चुनाव के परिणाम सामने आने के बाद हिण्डौन की राजनीति में बड़ा उलटफेर दिखाई दे रहा है। चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के मुकाबले निर्दलीय प्रत्याशियों ने कई वार्डों में मजबूत प्रदर्शन करते हुए प्रमुख दलों के सियासी समीकरण बिगाड़ दिए। चुनाव परिणाम के बाद सामने आए दावों के अनुसार 60 में से 39 वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशियों का परचम रहा है। ऐसे में नगर परिषद में बोर्ड बनाने के लिए भाजपा और कांग्रेस दोनों को निर्दलीय पार्षदों के समर्थन की जरूरत पड़ सकती है। चुनाव से पहले भाजपा में टिकट वितरण को लेकर नाराजगी का असर परिणाम में भी दिखाई दिया। अशोक पाठक गुट से जुड़े समर्थकों के टिकट कटने के बाद बड़ी संख्या में बागी होकर निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे थे। इनमें से कई प्रत्याशियों ने जीत दर्ज कर पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों को ही चुनौती दे दी। परिणाम ने भाजपा के पुराने सियासी समीकरणों को झटका दिया है।

वार्ड 31 में भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी को निर्दलीय ने हराया

सबसे चर्चित मुकाबलों में वार्ड 31 का परिणाम रहा। यहां भाजपा ने राजेश्वरी गुर्जर को अधिकृत प्रत्याशी बनाया था। उन्हें निर्दलीय प्रत्याशी वंदना सिंघल ने शिकस्त देकर चुनाव जीत लिया। राजेश्वरी गुर्जर को सभापति पद के संभावित दावेदारों में भी माना जा रहा था। ऐसे में उनकी हार से भाजपा के भीतर सभापति पद को लेकर बनाए जा रहे समीकरणों को बड़ा झटका माना जा रहा है।

निर्दलीयों के हाथ में बोर्ड की चाबी

60 सदस्यीय नगर परिषद में निर्दलीयों की बड़ी संख्या के कारण अब बोर्ड गठन में उनकी भूमिका निर्णायक हो गई है। चुनाव परिणाम के बाद सामने आए आंकड़ों के मुताबिक 39 वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशियों की जीत बताई जा रही है। यदि यह आंकड़ा अंतिम रूप से सही रहता है तो भाजपा और कांग्रेस के लिए बहुमत का रास्ता निर्दलीयों के समर्थन के बिना आसान नहीं होगा। सूत्रों के अनुसार निर्दलीय पार्षदों ने भी अपनी ताकत को समझते हुए नेतृत्व के सामने शर्तें रखना शुरू कर दिया है। भाजपा की ओर से निर्दलीय पार्षदों को साधने और अपने पक्ष में समर्थन जुटाने की कोशिशों के बीच निर्दलीयों का एक बड़ा धड़ा अपनी मांगों पर अड़ा हुआ है।

42 पार्षदों के समर्थन से विजय कुमारी चतुर्वेदी का नाम आगे

वहीं, सभापति पद को लेकर भी नया सियासी समीकरण सामने आया है। विजय कुमारी चतुर्वेदी के पक्ष में 42 पार्षदों का समर्थन होने का दावा किया जा रहा है। ऐसे में उनके निर्विरोध सभापति बनने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति आधिकारिक प्रक्रिया और सभी आवश्यक औपचारिकताओं के बाद ही स्पष्ट होगी।

भाजपा के सामने बड़ी चुनौती

भाजपा के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती अपने अधिकृत पार्षदों के साथ निर्दलीय विजेताओं को अपने साथ लाने की है। वहीं निर्दलीय पार्षदों की संख्या अधिक होने से वे भी बोर्ड गठन में अपनी भूमिका और हिस्सेदारी को लेकर मजबूत स्थिति में हैं। चुनाव परिणाम ने यह साफ कर दिया है कि इस बार हिण्डौन नगर परिषद में पार्टी के बजाय निर्दलीय पार्षद बोर्ड गठन की दिशा तय करने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

विधानसभा चुनाव में 60 हजार मतों से पराजित प्रत्याशी को संगठन और सत्ता में कमजोर करने की मांग को लेकर निर्दलीय खेमा भी सक्रिय बताया जा रहा है। इससे आने वाले दिनों में हिण्डौन की स्थानीय राजनीति में नए शक्ति केंद्र उभरने के संकेत मिल रहे हैं।

नगर निकाय चुनाव 2026 : उनियारा नगर पालिका में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत,

कुल 20 वार्डों में कांग्रेस ने 11 पर जीत दर्ज की, भाजपा 5 और निर्दलीय 4 वार्डों में विजयी

स्मार्ट हलचल

टोंक/उनियारा। नगर निकाय आम चुनाव 2026 के तहत उनियारा नगर पालिका के सभी 20 वार्डों के परिणाम सोमवार, 14 सितंबर को मतगणना के साथ घोषित कर दिए गए। कुल 86.44 प्रतिशत मतदान के बाद सामने आए नतीजों में कांग्रेस ने 11 वार्डों में जीत दर्ज कर स्पष्ट बहुमत हासिल किया। भाजपा को 5 सीटें मिलीं, जबकि 4 वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की।

प्रमुख चुनावी उलटफेर

वार्ड 1 में कांग्रेस के कौशल राज मंगल ने भाजपा के अघोषित चेयरमैन प्रत्याशी बताए जा रहे घासी लाल जैन को शिकस्त दी। वार्ड 4 में पूर्व पालिका अध्यक्ष मोनिका गुर्जर के पति एवं कांग्रेस प्रत्याशी नरेश कुमार गुर्जर ने जीत दर्ज की। वार्ड 13 का मुकाबला खासा रोचक रहा। त्रिकोणीय मुकाबले में भाजपा के चिरंजी लाल सैनी ने 199 वोट हासिल कर 15 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। निर्दलीय अनिता सैनी को 184 वोट मिले, जबकि कांग्रेस के कन्हैया लाल सैनी 146 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वार्ड 9 में भाजपा के पिंटू कुमार साहू ने महज 2 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। वहीं वार्ड 17 में निर्दलीय प्रत्याशी बद्रीलाल गुर्जर की जीत ने भी चुनावी समीकरणों को चौंका दिया।

सभी 20 वार्डों के विजेता

वार्ड	विजेता	दल
1	कौशल राज मंगल	कांग्रेस
2	विष्णु सैनी	कांग्रेस
3	इकबाल अहमद	कांग्रेस
4	नरेश कुमार गुर्जर	कांग्रेस
5	महेश कुशवाहा	भाजपा
6	मानवेन्द्र कुशवाहा	निर्दलीय
7	विजय महावर	भाजपा
8	पूजा चन्देल	कांग्रेस
9	पिंटू कुमार साहू	भाजपा
10	अरविन्द बैरवा	कांग्रेस
11	सन्दीप कुमार गुप्ता	कांग्रेस
12	अभय सिंह शक्तावत	निर्दलीय
13	चिरंजी लाल सैनी	भाजपा
14	अमृता पालीवाल	कांग्रेस
15	उर्मिला पांचाल	निर्दलीय
16	ममता सैन	कांग्रेस
17	बद्रीलाल गुर्जर	निर्दलीय
18	राजेश सैनी	भाजपा
19	परवीन बी	कांग्रेस
20	जमीला	कांग्रेस।

अंतिम दलीय स्थिति
कांग्रेस – 11 सीटें
भाजपा – 5 सीटें
निर्दलीय – 4 सीटें।

20 सदस्यीय बोर्ड में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिलने के बाद बोर्ड गठन का रास्ता साफ हो गया है। अब 21 सितंबर को नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव होना है। चुनाव तक बहुमत दल के निर्वाचित पार्षदों की बाड़ाबंदी किए जाने की बात भी सामने आई है।

हाड़ौती में भाजपा का दबदबा, कोटा नगर निगम समेत चार निकायों में बहुमत

कोटा में भाजपा का बोर्ड तय, बूंदी में निर्दलीयों के पाला बदलने से बदले समीकरण...

स्मार्ट हलचल

कोटा/बूंदी। नगरीय निकाय चुनाव के नतीजों ने हाड़ौती में राजनीतिक तस्वीर काफी हद तक साफ कर दी है। कोटा नगर निगम समेत सांगोद, रामगंजमंडी और सुल्तानपुर में भाजपा ने स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है। कोटा नगर निगम के 100 वार्डों में से 99 के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इनमें भाजपा ने 55, कांग्रेस ने 40 और निर्दलीयों ने चार सीटों पर जीत दर्ज की है। वार्ड 87 में ईवीएम खराब होने से मतगणना अटकी हुई है। इसके साथ ही नगर निगम में भाजपा का बोर्ड बनना लगभग तय माना जा रहा है।

बूंदी जिले में भी भाजपा ने पांच निकायों में मजबूत स्थिति बनाई है। बूंदी नगर परिषद में शुरुआत में बहुमत से दो सीट दूर रही भाजपा को तीन निर्दलीय पार्षदों के पार्टी में शामिल होने से बहुमत मिल गया। दूसरी ओर इटावा और सुकेत में निर्दलीय पार्षद बोर्ड गठन में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। नैनवां और हिंडोली में कांग्रेस सबसे बड़े दल के रूप में उभरी है।

कोटा नगर निगम में भाजपा का दबदबा, पांच वार्डों के परिणाम ईवीएम में गड़बड़ी से अटके

कोटा नगर निगम चुनाव में भाजपा ने बहुमत की स्थिति हासिल कर ली है। 100 वार्डों में से 99 के परिणाम घोषित हो चुके हैं। भाजपा के खाते में 55, कांग्रेस के 40 और निर्दलीयों के चार वार्ड आए हैं। वार्ड 87 में ईवीएम में तकनीकी खराबी के कारण मतगणना पूरी नहीं हो सकी। हालांकि, चुनाव प्रक्रिया के दौरान पांच वार्डों–11, 34, 39, 44 और 87–में ईवीएम से जुड़ी तकनीकी समस्या के कारण परिणाम प्रभावित हुए। प्रशासन ने निर्णय लेते हुए वार्ड 34 और 39 के प्रत्याशियों को विजयी घोषित किया है। वार्ड 34 से सुरेंद्र गुप्ता अग्रवाल और वार्ड 39 से चेतना माथुर को विजेता घोषित किया गया। इन दोनों वार्डों में प्रत्याशियों की जीत का अंतर खराब ईवीएम में दर्ज मतों से अधिक होने के कारण परिणाम घोषित किए गए। वहीं वार्ड 11, 44 और 87 में खराब ईवीएम के मतों की संख्या जीत के अंतर से अधिक या उसके बराबर होने के कारण परिणाम घोषित नहीं किए गए हैं। इन तीनों वार्डों की ईवीएम को सुरक्षित रखने के लिए ट्रेजरी में रखवाया जा रहा है। निर्वाचन अधिकारियों के निर्णय के बाद इन मशीनों में दर्ज मतों की गणना की जाएगी।

सप्तम वार्ड 87 में मतगणना को लेकर विवाद, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष धरने पर बैठीं

वार्ड 87 में भाजपा की पुष्पा चौधरी और कांग्रेस की लक्ष्मी शर्मा के बीच मुकाबला है। अब तक की मतगणना में भाजपा प्रत्याशी 88 मतों से आगे चल रही हैं। एक ईवीएम में तकनीकी खराबी के कारण मतगणना रोक दी गई। मामले की जानकारी मिलते ही शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राखी गौतम जेडीबी कॉलेज स्थित मतगणना स्थल पहुंचीं। उन्होंने मौके पर मौजूद कलेक्टर एवं एडीएम से बातचीत कर मशीन को सील करवाया। निर्वाचन अधिकारियों द्वारा खराब ईवीएम में दर्ज मतों की गणना मंगलवार को कराने की बात कहे जाने पर महिला कांग्रेस कोटा शहर जिलाध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद शालिनी गौतम ने आपत्ति जताई और मतगणना स्थल के बाहर धरने पर बैठ गईं। शालिनी गौतम ने कहा कि खराब ईवीएम में दर्ज मतों की गणना उसी दिन निर्धारित नियमों के तहत निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से कराई जानी चाहिए। उन्होंने मतगणना में अनियमितता और धांधली की आशंका जताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी पारदर्शिता चाहती है। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर के निर्देश पर मशीन को सील पैक कर दिया गया है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि टेक्नीशियन के आने तक मशीन नहीं खोली जाएगी।

रामगंजमंडी में भाजपा को स्पष्ट बहुमत

शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के विधानसभा क्षेत्र रामगंजमंडी में भाजपा ने स्पष्ट बहुमत हासिल किया। नगर पालिका के 40 वार्डों में भाजपा ने 24, कांग्रेस ने 13 और निर्दलीयों ने दो सीटें जीतीं। वार्ड 27 से कांग्रेस प्रत्याशी पवन बाबेल निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। भाजपा प्रत्याशी रवि मेवाड़ा के नामांकन वापस लेने के बाद यह चुनाव निर्विरोध हुआ।

सांगोद में भाजपा की निर्णायक बढ़त

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के विधानसभा क्षेत्र सांगोद में भी भाजपा ने बहुमत हासिल किया। 35 वार्डों में भाजपा के 20, कांग्रेस के 11 और निर्दलीयों के चार प्रत्याशी विजयी रहे। बहुमत के लिए जरूरी 18 सीटों से भाजपा काफी आगे रही।

सुल्तानपुर में भाजपा का बोर्ड तय

सुल्तानपुर नगर पालिका के 25 वार्डों में भाजपा ने 13 सीटों पर जीत दर्ज की। कांग्रेस को 11 और निर्दलीय को एक सीट मिली। बहुमत का आंकड़ा 13 होने के कारण भाजपा ने बोर्ड गठन की स्थिति स्पष्ट कर दी है।

सुकेत में बराबरी, निर्दलीयों के हाथ में सत्ता की चाबी

मंत्री मदन दिलावर के क्षेत्र की नवनिर्मित सुकेत नगर पालिका में भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे का मुकाबला रहा। दोनों दलों ने 10-10 सीटें जीतीं, जबकि चार निर्दलीय विजयी हुए। एक वार्ड की मतगणना शेष है। बहुमत के लिए 13 सीटें जरूरी हैं। ऐसे में निर्दलीयों के समर्थन के बिना किसी भी दल के लिए बोर्ड बनाना संभव नहीं होगा।

इटावा में कांग्रेस आगे, बोर्ड गठन के लिए जोड़-तोड़ तय

पीपल्दा विधानसभा क्षेत्र की इटावा नगर पालिका में कांग्रेस ने 16 वार्डों में जीत दर्ज की, जबकि भाजपा को 14 सीटें मिलीं। पांच वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशी विजयी रहे। बहुमत का आंकड़ा 17 है। ऐसे में कांग्रेस को बोर्ड बनाने के लिए निर्दलीयों का समर्थन जुटाना होगा।

बूंदी जिले में भाजपा मजबूत, तीन निर्दलीयों के भाजपा में जाने से बदले समीकरण

बूंदी जिले की एक नगर परिषद और सात नगर पालिकाओं के चुनाव परिणाम सामने आने के बाद भाजपा ने कई निकायों में मजबूत स्थिति बनाई है। जिले के 229 वार्डों में 774 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला हुआ। कुल 1,51,558 मतदाताओं ने मतदान किया।

बूंदी नगर परिषद के 60 वार्डों में भाजपा ने 29, कांग्रेस ने 20 और निर्दलीयों ने 11 सीटें जीतीं। परिणाम घोषित होने के बाद वार्ड 1 की प्रभात देवी, वार्ड 3 के आत्माराम चौपदार और वार्ड 16 के विशाल शर्मा ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। इससे भाजपा का आंकड़ा 32 हो गया और वह बहुमत के पार पहुंच गई। केशवरायपाटन नगर पालिका के 25 वार्डों में भाजपा ने 12, कांग्रेस ने तीन और निर्दलीयों ने 10 सीटें जीतीं। यहां भाजपा सबसे बड़े दल के रूप में सामने आई है।

इंद्रगढ़ में भाजपा ने 12 और कांग्रेस ने आठ सीटें जीतीं। देई नगर पालिका के 20 वार्डों में भाजपा ने 11, कांग्रेस ने सात और निर्दलीयों ने दो सीटें हासिल कीं। दोनों निकायों में भाजपा ने बहुमत प्राप्त किया। कापरेन नगर पालिका में भाजपा और कांग्रेस के बीच बराबरी का मुकाबला रहा। दोनों दलों ने 11-11 सीटें जीतीं, जबकि तीन वार्ड निर्दलीयों के खाते में गए। यहां बोर्ड गठन के लिए निर्दलीयों का समर्थन महत्वपूर्ण होगा।

भाजपा की नशा मुक्त पंजाब यात्रा

भाजपा 18 सितंबर से शुरू करेगी नशा मुक्त पंजाब यात्रा अभियान, नितिन नवीन करेंगे नेतृत्व

पंजाब (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी 18 सितंबर से एक बड़ा नशा मुक्त पंजाब यात्रा अभियान शुरू करने जा रही है। इस अभियान में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और शिवराज सिंह चौहान जैसे पार्टी के वरिष्ठ नेता पंजाब भर में हिस्सा लेंगे। नशा मुक्त पंजाब के लिए भाजपा के अभियान को उजागर करने के मकसद से निकाली जा रही यह यात्रा चार दिनों में राज्य के प्रमुख जिलों से होकर गुजरेगी। इसकी शुरुआत पठानकोट से होगी और समापन बठिंडा में होगा। पार्टी के कार्यक्रम के अनुसार, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 18 सितंबर को पठानकोट में यात्रा का नेतृत्व करेंगे। 19 सितंबर को यह अभियान फतेहगढ़ साहिब पहुंचेगा, जहां दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शामिल होंगी। 20 सितंबर को यात्रा फाजिल्का पहुंचेगी, जिसमें केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल शामिल होंगे। 21 सितंबर को यह बड़ा अभियान बठिंडा पहुंचेगा, जहां केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान हिस्सा लेंगे। भाजपा की नशा मुक्त पंजाब यात्रा में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के मुद्दे पर केंद्रित एक बड़ा जनसंपर्क अभियान साबित हो सकती है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की भागीदारी से अभियान को राजनीतिक गति मिलने और राज्य में नशीली दवाओं की समस्या से निपटने पर पार्टी के जोर को रेखांकित करने की उम्मीद है। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब भाजपा पंजाब में अपने संगठन और जन-संपर्क को मजबूत करने की कोशिश कर रही है, जबकि नशीली दवाओं का दुरुपयोग राज्य की राजनीतिक चर्चा में एक प्रमुख चिंता का विषय बना हुआ है। उम्मीद है कि पार्टी अभियान के दौरान नशा मुक्त पंजाब के लिए अपने विजन को उजागर करेगी।

मॉडल स्कूल एवं आवासीय विद्यालयों की प्रगति की एसीएस ने की समीक्षा

विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता:एसीएस

रिक्त पदों को भरने, नामांकन बढ़ाने एवं निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

जयपुर(नि.सं.)। स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री राजेश यादव ने सोमवार को शासन सचिवालय में स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल योजना सहित विभिन्न आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को अध्यापकों एवं विद्यार्थियो की उपस्थिति, विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों के नामांकन,मानव संसाधन, आधारभूत सुविधाओं तथा निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री यादव ने प्रदेश के मॉडल स्कूलों में रिक्त पदों की स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मॉडल स्कूलों के परीक्षा परिणामों में और सुधार के लिए विषयवार विश्लेषण एवं आवश्यक शैक्षणिक गतिविधियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने निर्माणाधीन भवनों में भूमि, बिजली, पानी एवं अन्य लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करते हुए कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए भवन निर्माण के साथ आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए। एसीएस ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय , नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय, स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल छात्रावास, पीएम-जनमन एवं डीएजेजीयूए के अंतर्गत संचालित एवं निर्माणाधीन छात्रावासों की प्रगति की भी समीक्षा की। केजीबीवी में कुल 51 हजार 950 विद्यार्थियों की क्षमता के विरुद्ध 46 हजार 668 बालिकाएं नामांकित हैं। वहीं नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालयों सहित अन्य आवासीय संस्थानों में भी नामांकन की स्थिति की समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रयास करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना के तहत स्वीकृत किए गए आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों की प्रगति पर भी चर्चा हुई। नए आवासीय विद्यालयों/छात्रावासों के लिए कार्य स्वीकृत है, जिनमें से प्रवेश प्रक्रिया शुरू होकर विद्यार्थी रह रहे हैं। छात्रावासों में वॉशिंग मशीन एवं स्वचालित रोटी मेकर जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा केजीबीवी में थ्री-फेज विद्युत कनेक्शन से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की गई।

राजस्थान संपर्क 181 कॉल सेंटर का निरीक्षण

एसीएस उद्योग शिखर अग्रवाल ने राजस्थान संपर्क 181 कॉल सेंटर का किया निरीक्षण

परिवादियों से सीधे संवाद कर सुनी समस्याएं

जयपुर(नि.सं.)। अतिरिक्त मुख्य सचिव उद्योग शिखर अग्रवाल ने सोमवार को शासन सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क 181 कॉल सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभाग से संबंधित विभिन्न जिलों से प्राप्त परिवेदनाओं की स्थिति की जानकारी ली तथा परिवादियों से वीडियो एवं ऑडियो कॉल के माध्यम से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करते हुए परिवादियों को समयबद्ध राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। अग्रवाल ने हनुमानगढ़ के अंकित तथा जयपुर के दिनेश कुमार से वीडियो कॉल के माध्यम से संवाद कर पोर्टल पर दर्ज उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी प्रकार बाड़मेर के परिवादी आनंद सिंह तथा पाली के आनंद ने ऑडियो कॉल पर बताया कि उनके रिको क्षेत्र में खराब रोड़ लाइट की शिकायत राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज कराई गई थी, जिसका विभाग द्वारा समाधान कर दिया गया है। उन्होंने अपनी इन समस्याओं के समाधान पर संतोष व्यक्त किया। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने उद्योग विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत स्वरोजगार के लिए ऋण लेने वाले व्यक्तियों की परिवेदनाओं को भी सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन प्रकरणों का प्राथमिकता से परीक्षण कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र परिवादियों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। उन्होंने कहा कि राजस्थान संपर्क पोर्टल सरकार और आमजन के बीच संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम है।

न्यूज ब्रीफ

जयपुर में बैंक एटीएम पर पिस्तौल दिखाकर 42 लाख रुपये लूटे

कर्मचारियों ने डिपोजिट मशीन से निकाला था कैश, बैग छीनकर फरार हो गए बदमाश

जयपुर(नि.सं.)। जयपुर में अक्षयपात्र चौराहे के पास बैंक ऑफ इंडिया के ब्रूरूबूथ पर 42 लाख रुपए की लूट हो गई। बैंककर्मी एटीएम बूथ में लगी डिपोजिट मशीन से रुपए निकालने आए थे। इस दौरान बाइक सवार दो बदमाश हेलमेट लगाकर आए और पिस्तौल दिखाकर रुपए से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। घटना सोमवार सुबह करीब 10:41 बजे की है। रामनगरिया थाना पुलिस ने लूट की सूचना पर नाकाबंदी करवाई, लेकिन बाइक सवार लुटेरों का कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस वारदात स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है।

बांग्लादेश बोला- भारत से नए सिरे से रिश्ते बनाएंगे

विदेश राज्य मंत्री ने कहा- दोनों देशों में सीधी बातचीत जरूरी, हसीना के दौर के संबंध असहज थे

ढाका। बांग्लादेश ने रविवार को कहा कि वह भारत के साथ अपने रिश्ते को रीसेट करना चाहता है। यानी दोनों देशों के बीच संबंधों को नए सिरे से शुरू करना चाहता है। बांग्लादेश के विदेश राज्य मंत्री हुमायूं कबीर ने कहा कि दोनों देशों के बीच नया रिश्ता आपसी हितों के आधार पर बनाया जाना चाहिए। उन्होंने शेख हसीना के प्रधानमंत्री रहने के दौरान भारत-बांग्लादेश संबंधों को असहज बताया। कबीर ने कहा कि ढाका नई दिल्ली के साथ नए रिश्ते की ओर बढ़ना चाहता है और इसके लिए दोनों देशों के बीच सीधे बातचीत होनी चाहिए। यह बातचीत किसी बहुपक्षीय मंच के जरिए नहीं, बल्कि द्विपक्षीय स्तर पर होनी चाहिए। भारत पर जरूरत से ज्यादा ध्यान देना बंद करना होगा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मोती डूंगरी मंदिर में किए दर्शन

भगवान श्री गणेश की पूजा कर की प्रदेश में खुशहाली की कामना

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर जयपुर स्थित मोती डूंगरी मंदिर में भगवान श्री गणेश के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने मंदिर में सपत्नीक विधिवत पूजा-अर्चना करते हुए प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि के लिए कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों को गणेश चतुर्थी के पर्व की शुभकामनाएं दी।

शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की

अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम से अधिकाधिक विद्यार्थियों को लाभान्वित किया जाए : श्रीनिवास

जयपुर(नि.सं.)। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में सोमवार को शासन सचिवालय में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग की विभिन्न योजनाओं, बजट घोषणाओं एवं विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश के युवाओं को उच्च शिक्षा के साथ-साथ उनके विषय से संबंधित उद्योगों में व्यावहारिक अनुभव देने के लिए अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम (एइडीपी) को प्रभावी रूप से लागू करते हुए अधिकाधिक विद्यार्थियों को इससे जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ उद्योगों का व्यावहारिक एक्सपोजर युवाओं की रोजगार व उद्यमिता क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बैठक में बताया गया कि अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम के तहत विद्यार्थियों को अप्रेंटिसशिप अवधि के दौरान 12 हजार 300 रुपये का स्टाइपेंड दिया जाता है। इससे विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ-साथ संबंधित उद्योग में कार्य करने का व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त होता है। श्रीनिवास ने रूसा एवं पीएम-उषा योजना के तहत किए जा रहे कार्यों की नियमित समीक्षा कर उन्हें गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से उच्च शिक्षण संस्थानों में गुणवत्ता, जवाबदेहिता एवं संस्थागत सामर्थ्य को सुदृढ़ किया जा रहा है।

मुख्य सचिव ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों में ऐसे पाठ्यक्रम एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएं, जो युवाओं को वर्तमान बाजार की मांग के अनुरूप कौशल प्रदान करने के साथ ही उन्हें रोजगार एवं उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराएं। बैठक में बताया गया कि कालीबाई भील मेधावी छात्रा, देवनारायण छात्रा स्कूटी एवं अन्य स्कूटी योजनाओं के तहत वर्ष 2023-24 से वर्ष 2025-26 तक कुल 45 हजार 924 छात्राओं को लाभान्वित किया गया है। चालू वर्ष में लगभग 88 हजार छात्राओं को ईओआई प्रक्रिया के तहत ई-वाउचर/क्यूआर कोड के माध्यम से लाभान्वित किया जाएगा।

ऑपरेशन सिंदूर

ऑपरेशन सिंदूर में 314कि.मी दूर पाकिस्तानी विमान गिराया था एयरफोर्स ने सिविल विमानों के बीच मिलिट्री प्लेन को पहचाना

नई दिल्ली। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना के S-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के अंदर 314द्मद्व की दूरी पर उड़ रहे एक विमान को मार गिराया था। रक्षा मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, संघर्ष के दौरान पाकिस्तान ने एयरस्पेस खुला रखा और सिविल फ्लाइट्स भी चलती रहीं। इससे नागरिक विमानों के निशाना बनने का खतरा था। लेकिन एयरफोर्स ने पाकिस्तानी सैन्य विमानों को पहचानकर मार गिराया। रिपोर्ट में गिराए गए विमान को स्पेशल मिशन एयरक्राफ्ट कहा गया है। हालांकि, वायुसेना के अफसर पहले बता चुके हैं कि यह पाकिस्तान का ब्रुष्टस्र विमान था, जो हवा में खतरे और टारगेट की एकसाथ पहचान करता है। इसे हवाई कमांड सेंटर भी कहा जाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह भारत की तरफ से जमीन से हवा में किया गया सबसे लंबी दूरी का हमला था। इससे साफ हुआ कि दूरी दुश्मन के विमान को भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम से नहीं बचा सकती।

सिस्टम ने खतरा ट्रैक करके गाइडेड मिसाइल दागी

रिपोर्ट के मुताबिक, S-400 ने पाकिस्तानी विमान के खतरे को ट्रैक किया। इसके बाद लंबी दूरी की जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल को टारगेट की तरफ गाइड किया गया। मिसाइल ने पाकिस्तानी विमान पर सटीक निशाना लगाया।

लखनऊ विश्वविद्यालय में करीब 100 सुरक्षाकर्मियों को नौकरी से निकाला

लखनऊ (एजेंसी)। लखनऊ विश्वविद्यालय में लंबे समय से काम कर रहे करीब 100 सुरक्षा कर्मियों को अचानक हटाए जाने का मामला सामने आया है। नौकरी जाने से नाराज सुरक्षा कर्मियों ने एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर विश्वविद्यालय के गेट नंबर-1 के पास धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने नौकरी बहाल करने की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की और विश्वविद्यालय प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की अपील की। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मी शामिल हुए। सभी गेट नंबर-1 के पास बैठ गए और रोजगार बहाल किए जाने की मांग उठाई। सुरक्षा कर्मियों का कहना है कि वे कई वर्षों से लखनऊ विश्वविद्यालय में सेवाएं दे रहे हैं।

बांग्लादेश में डेंगू का प्रकोप और गंभीर, सिर्फ 13 दिनों में 52 लोगों की मौत

ढाका (एजेंसी)। सितंबर के पहले 13 दिनों में ही संक्रमण से 52 लोगों की मौत हो चुकी है। यह इस साल अब तक एक महीने में हुई मौतों का सबसे बड़ा आंकड़ा है, जिससे बिगड़ते सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा हो गई हैं। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के अनुसार, डेंगू से मरने वालों की कुल संख्या 149 हो गई है, जबकि रविवार तक 51,837 मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बांग्लादेश के प्रमुख अखबार द डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक, स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि डेंगू से होने वाली मौतों में बढ़ोतरी की वजह देर से अस्पताल पहुंचना, गलत इलाज और ज्यादा जोखिम वाले समूहों का ज्यादा संवेदनशील होना है।

ममता के 20 बागी सांसदों में 17 भाजपा में जाएंगे: यूसूफ पठान सहित तीन का बाहर से समर्थन

कोलकाता(एजेंसी)। ममता बनर्जी से अलग हुए TMC के 20 बागी सांसदों में से 17 सांसद अक्टूबर में दुर्गा पूजा से पहले या बाद भाजपा में शामिल होंगे। कूच बिहार सांसद जगदीश चंद्र बर्मा बसुनिया ने रविवार को कोलकाता में पत्रकारों से बातचीत में इसकी जानकारी दी। बसुनिया के अनुसार, दो-तिहाई से ज्यादा सांसदों के साथ जाने से दल-बदल कानून लागू नहीं होगा। बंगाल में ब्रूस्ष्ट की हार के बाद 14 जून को बागी सांसदों ने ममता का साथ छोड़ दिया था। इन सांसदों ने त्रिपुरा की स्थानीय पार्टी NCPI में विलय किया और NDA को समर्थन देने का ऐलान किया। अब ये सांसद सीधे भाजपा में शामिल होंगे हालांकि तीन सांसद- अबू ताहेर खान, खलीलुर रहमान और यूसुफ पठान भाजपा में शामिल हुए बिना बाहर से NDA का समर्थन करेंगे।

दो और अहम द्वीपों पर कब्जा

हूती विद्रोहियों का लाल-सागर में दो और द्वीपों पर कब्जा

ये दोनों बाब-अल मंदेब से 160km दूर; यूरोप-एशिया शॉर्टकट शिपिंग रूट पर दबदबा बढ़ा

सना। यमन के हूती विद्रोहियों ने दक्षिणी लाल सागर में दो और अहम द्वीपों पर कब्जा कर लिया है। यमन सरकार के मुताबिक हूतियों ने ग्रेटर हनीश और लेसर हनीश द्वीपों पर अपने लड़ाके तैनात किए हैं। ये द्वीप बाब-अल मंदेब स्ट्रेट से करीब 160 किमी उत्तर में हैं। इससे पहले पिछले हफ्ते हूतियों ने लाल सागर के किनारे बसे बंदरगाह शहर मोखा और बाब-अल मंदेब में मौजूद मायून द्वीप पर भी कब्जा किया था। इन दोनों जगहों पर सऊदी अरब के समर्थन वाली यमनी सरकारी सेना का नियंत्रण था।

हूतियों के इन द्वीपों पर कब्जे से लाल सागर के समुद्री रास्ते पर उनका दबदबा और मजबूत हो गया है।

बाब-अल-मंदेब एशिया से यूरोप जाने वाले जहाजों के लिए शॉर्टकट रास्ता है। यहां से गुजरने के बाद जहाज स्वेज नहर के रास्ते भूमध्य सागर तक पहुंचते हैं।

यमन में सरकार और हूतियों के बीच हमले तेज

यमन और सऊदी की सेना ने रविवार को लाल सागर के पास हूतियों के ठिकानों पर हवाई हमले किए।

इसके जवाब में हूतियों ने सऊदी अरब पर ड्रोन और मिसाइल से हमले करने का दावा किया।

हजारों लोग हुए शामिल, दिखा शानदार नजारा

लंदन में टेम्स नदी के तट पर पहली बार किया गया गंगा आरती का आयोजन

● लंदन

लंदन में टेम्स नदी के तट पर रविवार को पहली बार गंगा आरती का आयोजन किया गया। यह आयोजन काफी बड़े स्तर पर हुआ, जिसमें हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। 'टेम्स तट पर गंगा आरती : प्रकाश उत्सव' नाम से आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन चिन्मय मिशन यूके ने टोटली टेम्स के वार्षिक उत्सव के सहयोग से किया।

यह आयोजन चिन्मय मिशन की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में दुनियाभर में हो रहे कार्यक्रमों का हिस्सा है। भारत में गंगा के तट पर होने वाली प्रसिद्ध आरती की परंपरा से प्रेरित इस आयोजन की परिकल्पना प्रकृति, ज्ञान और चेतना के जीवनदायी प्रवाह के प्रतीक के रूप में की गई। चिन्मय मिशन यूके की शिक्षिका ब्रह्मचारिणी श्रीप्रिया चैतन्य ने बताया कि पीढ़ियों से श्रद्धालु गंगा के तट पर दीप प्रज्वलित कर मां गंगा की आराधना करते हुए जीवन को संवारने वाली दिव्य शक्तियों के लिए श्रद्धा दर्शाते आए हैं। हमारे संस्थापक स्वामी चिन्मयानंद ने अपना जीवन वेदांत के शाश्वत ज्ञान और आध्यात्मिक संदेश को हिमालय की पवित्र भूमि से जन-जन तक पहुंचाने और उसे उनके दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए समर्पित कर दिया।

नदी की स्वच्छता का रखा ख्याल

इस दौरान खास बात ये रही कि आरती में प्रयुक्त किसी भी वस्तु को टेम्स में प्रवाहित नहीं किया गया। टोटली टेम्स एक न्यास की ओर से आयोजित वार्षिक उत्सव है, जिसकी शुरुआत 1997 में हुई थी।

दक्षिणी लाल सागर जैसे अहम समुद्री शिपिंग मार्ग पर हूतियों की पकड़ मजबूत

ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने यमन के दो महत्वपूर्ण द्वीपों पर किया कब्जा

● सना

यमन के हूती विद्रोहियों ने दक्षिणी लाल सागर में अपनी पकड़ और मजबूत कर ली है। यमनी सरकार और हूती अधिकारियों के मुताबिक, विद्रोहियों ने रणनीतिक रूप से अहम ग्रेटर हनीश और लेसर हनीश द्वीपों पर कब्जा कर लिया है।

इन द्वीपों पर नियंत्रण मिलने से अहम समुद्री शिपिंग रूट पर हूतियों का प्रभाव बढ़ गया है। दो यमनी सरकारी अधिकारियों और एक हूती अधिकारी के मुताबिक, विद्रोहियों ने दोनों द्वीपों पर अपने लड़ाकों को तैनात कर दिया है। ग्रेटर हनीश और लेसर हनीश द्वीप बाब अल-मंदेब स्ट्रेट से करीब 160 किमी उत्तर में स्थित हैं।

द्वीपों पर कब्जा उस समय हुआ जब यमनी सरकार के समर्थन वाले सैकड़ों सुरक्षा बल इस द्वीप समूह से पीछे हट गए। अधिकारियों ने बताया कि क्योंकि उन्हें मीडिया से बात करने की अनुमति नहीं थी। हूतियों की यह कार्रवाई ऐसे समय हुई है जब उन्होंने पिछले सप्ताह भी रणनीतिक इलाकों पर नियंत्रण



हासिल किया था। विद्रोहियों ने सऊदी अरब समर्थित यमनी सरकारी बलों से मोखा बंदरगाह शहर और मयून द्वीप अपने कब्जे में ले लिया था। मयून द्वीप बाब अल-मंदेब स्ट्रेट के भीतर स्थित है।

यह स्ट्रेट रेड सी को अदन की खाड़ी से जोड़ता है और अंतरराष्ट्रीय समुद्री ट्रैफिक के लिहाज से बेहद अहम मार्ग है। ग्रेटर हनीश और लेसर हनीश पर कब्जे के बाद दक्षिणी लाल सागर में हूतियों का रणनीतिक नियंत्रण और मजबूत हुआ है। इन इलाकों पर उनकी बढ़ती मौजूदगी से समुद्री मार्गों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ सकती है। मोखा, मयून और अब हनीश द्वीपों पर नियंत्रण के चलते रेड सी के इस हिस्से में हूतियों की स्थिति पहले के मुकाबले ज्यादा मजबूत दिखाई दे रही है। क्षेत्र में आगे होने वाली गतिविधियों का असर समुद्री ट्रैफिक और सुरक्षा पर पड़ सकता है। फरवरी में यूएस और इस्राइल के हमले के बाद ईरान की ओर से होर्मुज में व्यवधान पैदा हुआ था। इसके बाद रेड सी और बाब अल-मंदेब का महत्व वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए और बढ़ गया। ऐसे में मोखा पर हूतियों का कब्जा केवल यमन की भूमि पर कंट्रोल का मामला नहीं रह जाता, बल्कि इसका असर उस समुद्री क्षेत्र पर भी पड़ सकता है जो अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए अहम है।

होर्मुज खोलने पर ईरान-ओमान ने खाड़ी देशों की बैठक स्थगित की

तेहरान। होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की आवाजाही में आ रही बाधा दूर करने के प्रयासों के बीच ईरान-ओमान ने सोमवार को फारस की खाड़ी के तटीय देशों की प्रस्तावित बैठक स्थगित कर दी है। ईरानी विदेश मंत्रालय और ओमान के विदेश मंत्री ने यह जानकारी दी है। ईरानी विदेश मंत्रालय के फारस खाड़ी विभाग के महानिदेशक मो. अली बक ने बताया कि कुछ क्षेत्रीय देशों के अनुरोध और ईरान-ओमान के संयुक्त निर्णय के बाद बैठक स्थगित की गयी है।

अप्रत्यक्ष तौर पर वार्ता जारी : ट्रम्प

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि होर्मुज की स्थिति फिलहाल स्वीकार्य है। बैठक का स्थगन इस जलमार्ग के भविष्य को लेकर क्षेत्रीय समझौते पर पहुंचने में आ रही बाधाओं को दर्शाता है जबकि इसे फिर से खोलने के संभावित कानूनी ढांचे पर महीनों से अप्रत्यक्ष तौर पर बातचीत चल रही है।

क्रूड की कीमत 107.77 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंची: ओमान के सलालाह शहर में सोमवार को फारस की खाड़ी के देशों के प्रतिनिधियों की होर्मुज से जुड़ी एक बैठक टलने के बाद शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड की कीमत तीन प्रतिशत से ज़्यादा बढ़कर 107.77 डॉलर प्रति बैरल हो गई है। अंतरराष्ट्रीय समय 22:03 तक नवंबर आपूर्ति के लिए ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स पिछले बंद भाव से 3.16 प्रतिशत ऊपर 107.77 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

एफएटीएफ से पहले पाक का नया दांव अजहर पर रखा 70 लाख का इनाम

जैश प्रमुख मसूद अजहर को पाकिस्तान ने अफगान में बताया

● इस्लामाबाद

पाक की फेडरल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एफआईए) ने 2026 के लिए मोस्ट वांटेड आतंकियों की नई रेड बुक जारी की है। इस सूची में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) प्रमुख मसूद अजहर का नाम भी शामिल है। एफआईए ने अजहर को भगोड़ा बताते हुए उस पर घोषित इनाम 20 लाख पाक रुपए बढ़ाकर 70 लाख रुपए कर दिया है।

नई सूची में 26/11 मुंबई हमलों से जुड़े 19 लोगों के नाम भी शामिल किए गए हैं। अक्टूबर में होने वाली फाइनेंशियल एक्शन टॉस्क फोर्स (एफएटीएफ) की बैठक से पूर्व जारी इस सूची की टाइमिंग को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। एफआईए ने 2021 में मसूद अजहर पर 50 लाख पाक रुपए का इनाम घोषित किया था। पांच साल बाद 2026 की नई रेड बुक में इसे बढ़ाकर 70 लाख पाक रुपये कर दिया गया है। अजहर को पाक के मोस्ट वांटेड आतंकियों की सूची में रखा गया है। सूत्रों का दावा है कि यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब अक्टूबर में एफएटीएफ की बैठक होनी है।

सूत्र इसे पाक की ओर से आतंकवाद और टेरर फाइनेंसिंग के खिलाफ कार्रवाई दिखाने की कोशिश के तौर पर देख रहे हैं। पाक 2021 से यह दावा करता रहा है कि मसूद अजहर उसके देश में मौजूद नहीं है और वह अफगानिस्तान जा चुका है। इसी दौरान एफआईए ने उसके खिलाफ 50 लाख पाक रुपये का इनाम भी घोषित किया था। अब पांच साल बाद इनाम बढ़ाए जाने से उसके ठिकाने को लेकर पाक के पुराने दावों पर फिर सवाल उठ रहे हैं।

26/11 मुम्बई आतंकी हमले के 17 आरोपी 18 साल से बताए फरार

एफआईए के मुताबिक 26/11 से जुड़े 17 आरोपी पिछले 18 साल से फरार हैं। दूसरी ओर, भारतीय खुफिया सूत्रों का दावा है कि ये लोग पाक में ही मौजूद हैं। सूत्र इसी आधार पर नई रेड बुक में उनके नाम शामिल किए जाने की टाइमिंग पर सवाल उठा रहे हैं। यह दावा भारतीय खुफिया सूत्रों पर आधारित है और एफआईए ने आधिकारिक तौर पर इन लोगों की मौजूदा लोकेशन की पुष्टि नहीं की है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, एफआईए की 2021 रेड बुक में 1,330 मोस्ट वांटेड आतंकियों के नाम थे। 2026 की नई सूची में यह आंकड़ा बढ़कर 1,804 हो गया है। इस तरह पांच वर्षों में संख्या में करीब 35 फीसदी की वृद्धि हुई है।

ऑपरेशन सिंदूर में निशाने पर था बहावलपुर का जेईएम ठिकाना: मसूद अजहर का नाम ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी चर्चा में आया था। भारत की कार्रवाई में पाक के बहावलपुर स्थित जैश के मरकज सुभान अल्लाह को निशाना बनाया गया था। यह ठिकाना पाक के अंदर करीब 100 किमी की दूरी पर स्थित था।

टूटी हड्डियों संग 7,000 फीट पहाड़ की चोटी चढ़े

अमेरिकी पायलट बोला, सेना पहुंचने तक दो दिन ईरानी सेना से छिपा रहा

● वाशिंगटन

2 अप्रैल को अमेरिकी सेना ने इतिहास के सबसे बड़े सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन में से एक को अंजाम दिया। यह ऑपरेशन तब शुरू हुआ जब एक अमेरिकी विमान को ईरान की शोल्डर-फायर मिसाइल से मार गिराया गया, जिससे विमान में सवार दो अधिकारियों को दुश्मन के इलाके में कूदना करना पड़ा।

पायलट (जिसे अल्फा कहा गया) को कुछ ही घंटों में बचा लिया गया, वहीं उसका साथी ब्रावो (वेपन सिस्टम ऑफिसर)



लगभग 50 घंटों तक दुश्मन के इलाके में फंसा रहा। वह घायल था और ईरान के एक ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी दर्रे में छिपा हुआ था, जब तक कि उसे वहां से निकाला नहीं गया। सुरक्षा कारणों से केवल मिशन कॉल साइन 'ड्यूड 44 ब्रावो' से पहचाने जाने वाले इस नॉन-फ्लाइंग अधिकारी ने पहली बार सार्वजनिक रूप से बात की है।

सबसे डरावना पल कौन सा

ब्रावो ने कहा, एक पल ऐसा आया जब मैंने ऊपर देखा और मुझे कोई पैराशूट नहीं दिखा, वह मेरे लिए अब तक का सबसे डरावना अनुभव था। तभी मैंने कुछ पल के लिए रुककर प्रार्थना की, ''हे ईश्वर, आपकी मर्जी पूरी हो. लेकिन अगर मुझे इससे बचना है, तो मुझे मदद की जरूरत है। इतनी तेज रफ़्तार से जमीन पर गिरने के कारण उसकी पीठ, एक हाथ और कंधे की हड्डियां टूट गई। अंधेरा छंटने पर, ब्रावो ने दुश्मन के इलाके में अपनी स्थिति का अंदाजा लगाया और वहां से निकलने की योजना बनाने लगा।

654 मेगावाट बिजली नेपाल को देगा भारत

● नई दिल्ली

भारत ने प्राकृतिक आपदा से त्रस्त नेपाल को नियमित बिजली के निर्यात की अनुमति दी है जिसमें नेपाल को दिसंबर तक प्रतिदिन 650 मेवा बिजली दी जा सकेगी।

विद्युत मंत्रालय ने नेपाल विद्युत प्राधिकरण को प्रतिदिन 18 घंटे (रात 12 बजे से शाम 6 बजे तक) बिजली निर्यात करने की मंजूरी दे दी है। इसके नेपाल को मुजफ्फरपुर-ढालकेबर 400 केवी डीसी लाइन के माध्यम से 600 मेगावाट तक और तनकपुर-महेंद्रनगर 132 केवी एस/सी लाइन के माध्यम से 54 मे.वा. तक बिजली निर्यात की मंजूरी दे दी गई है।

एआई को रोका तो चीन जीतेगा : ट्रम्प

● नई दिल्ली

एआई को लेकर पिछले कुछ दिनों से दुनिया की सबसे बड़ी टेक कंपनियों के बीच जो बहस चल रही थी, उसमें अब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी सीधे उतर गए हैं।

ओपन एआई और एंथ्रोपिक दोनों ही एआई की सबसे बड़ी कंपनियां हैं और दोनों के ही सीईओ ने एआई की रफ्तार कम करने की बात कही है। ऑल्टमैन और डारियो अमोडेई ने एआई को एक हद तक रेगुलेट करने की बात कही है। लेकिन डोनाल्ड ट्रम्प इसके खिलाफ हैं। ट्रम्प ने कहा कि एआई को अलग से नए गाडरेल्स की जरूरत नहीं है। उनके मुताबिक अमेरिका के पास पहले से ही एआई कंपनियों पर क्रिमिनल और रेगुलेटरी पावर है और एक मजबूत राष्ट्रपति इस टेक्नोलॉजी को कंट्रोल कर सकता है।

एआई की रफ्तार कम करना यूएस के हित में नहीं है। इसकी सबसे बड़ी वजह है चीन। ट्रम्प ने कहा कि जो देश एआई की रेस जीतेगा, वही जीतेगा। उसके पास फ्यूचर की बड़ी ताकत होगी। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका फिलहाल चीन से आगे है।

एंथ्रोपिक सीईओ डारियो पर बरसे

एंथ्रोपिक के सीईओ अमोडेई का तर्क है कि एआई की पावर इतनी तेजी से बढ़ रही हैं कि सेफ्टी सिस्टम उनके साथ कदम नहीं मिला पा रहे। उन्होंने खास तौर पर रिकर्सिव सेल्फ इंप्रूवमेंट और ऐसे एआई एजेंट्स का हवाला दिया है जो अपनी तय जिम्मेदारी से आगे जाकर साइबर अटैक जैसे काम कर सकते हैं। उनका प्रस्ताव एआई को पूरी तरह रोकना नहीं, बल्कि डेवेलपमेंट की स्पीड को बराबर में लाना है कि सेफ्टी टेस्टिंग और इंडिपेंडेंट इवैलुएशन पीछे ना छूटें।

आज का इतिहास

- **1812:** नेपोलियन के नेतृत्व में फ्रांसीसी सेना मास्को के क्रैमलिन पहुंची।
- **1861:** इंजीनियर, वैज्ञानिक और निर्माता मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया का जन्म।
- **1894:** प्योंगयांग की लड़ाई में जापान ने चीन को करारी मात दी।
- **1915:** परमवीर चक्र सम्मानित पूर्व भारतीय सैनिक लांस नायक करम सिंह का जन्म।
- **1916:** प्रथम विश्व युद्ध में पहली बार सोम्मे की लड़ाई में टैंक का इस्तेमाल किया गया।
- **1926:** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के अध्यक्ष रहे अशोक सिंघल का जन्म।
- **1948:** स्वतंत्र भारत का पहला ध्वजपोत आईएनएस दिल्ली बंबई(अब मुंबई) के बंदरगाह पर पहुंचा।

अभियान अमेरिकी इंजीनियरों ने पहली बार किया प्रयोग, प्रो. जैमिला टेक्सीरा की खोज

20 लाख प्लास्टिक बैग से बनाई 4,000 फीट लंबी सड़क

● वाशिंगटन

यूएस स्टेट नेब्रास्का के साउथ सियूक्स सिटी में प्लास्टिक बैग से सड़क बनाई है। बीते साल पूरे हुए प्रोजेक्ट में सियूक्सलैंड फ्रीडम पार्क के पास फाउंड्री रोड के 4,000 फीट हिस्से पर डामर की ऊपरी तीन इंच की परत में 20 लाख कटे-फटे बैग मिलाए गए हैं। सड़क में प्लास्टिक इस्तेमाल के के पीछे यूनिवर्सिटी ऑफ नेब्रास्का-लिंकन की प्रो.जैमिला टेक्सीरा का दिमाग है। उन्होंने रिसर्च किया कि डामर में बेकार प्लास्टिक का इस्तेमाल कैसे किया जा सकता है। उन्होंने इस पर काम किया कि मिश्रण दरार पड़ने, गड्ढे बनने और नमी होने पर कैसे काम करता है।

इस विचार को साउथ सियूक्स सिटी ने असली सड़क प्रोजेक्ट में बदल दिया। प्लास्टिक इस्तेमाल से बनी सड़क को फिलहाल पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर देखा जा रहा है। नेब्रास्का का बदलता तापमान और खराब मौसम इस नए मिश्रण के लिए परीक्षा होगी। इंजीनियरों को यह देखने के लिए समय चाहिए होगा कि असली ट्रैफिक और मौसम की स्थितियों में सड़क कैसी रहती है।

कैसे किया गया इस्तेमाल

नेब्रास्का एनवायरनमेंटल ट्रस्ट से मिले 5,00,000 डॉलर की मदद से हुआ यह प्रोजेक्ट रिसर्चर्स को पता लगाने का मौका देता है कि क्या बेकार सामग्री टिकाऊ बुनियादी ढांचे का हिस्सा बन सकती है। यह बेकार प्लास्टिक के लिए उपयोगी इस्तेमाल खोजने और सड़क बनाने वाली सामग्री को बेहतर बनाने की एक बड़ी कोशिश का हिस्सा है। इंजीनियर ने बताया कि वे पूरी सड़क को प्लास्टिक से नहीं बदल रहे हैं। इस प्रयोग में रिसायकल की गई सामग्री को काटकर डामर के मिश्रण में मिलाया जाता है, जहां यह सड़क बनाने वाली सामग्री का हिस्सा बन जाती है। नेब्रास्का में बनी सड़क के मिश्रण में 25 फीसदी रीक्लेम्ड डामर पेवमेंट (आरएपी) शामिल है।

25 साल पहले भारत ने अपनाई प्लास्टिक सड़कें

भारत ने 25 साल पहले प्लास्टिक सड़कों के साथ प्रयोग किया था। नेब्रास्का प्रोजेक्ट को जो चीज खास तौर पर उपयोगी बनाती है, वह है स्थानीय परिस्थितियों में एकेडमिक रिसर्च पार्टनरशिप के जरिए मटीरियल का मूल्यांकन करने का मौका। इंजीनियर यह देख रहे हैं कि सड़क बनने और इस्तेमाल में आने के बाद क्या होता है। यह फर्क मायने रखता है, क्योंकि कोई मटीरियल लैब में तो अच्छा लग सकता है। दिलचस्प बात यह है कि इस प्रयोग के लिए ड्राइवरों को किसी भविष्य के शहर की कल्पना करने की जरूरत नहीं है। वे बस सड़क पर गाड़ी चला सकते हैं और अपने टायरों के नीचे कुछ भी असामान्य देखे बिना एक ऐसे विचार के परीक्षण का हिस्सा बन सकते हैं, जो भविष्य में सड़क के डिजाइन को प्रभावित कर सकता है।

स्टेज चार कैंसर से जूझ रहीं एक्ट्रेस नफीसा अली

ओवरी, पेट के बाद अब लिवर में भी संक्रमण

● मुम्बई

दिग्गज बॉलीवुड अभिनेत्री नफीसा अली ने अपनी सेहत को लेकर एक नया अपडेट साझा किया है। अभिनेत्री ने बताया कि उनका ओवेरियन और पेरिटोनियल कैंसर आगे बढ़ गया है, जिसके बाद डॉक्टरों ने उनके इलाज का तरीका बदल दिया है। नफीसा (69)लंबे समय से कैंसर से जंग लड़ रही हैं और अपनी बीमारी के दौरान भी सकारात्मक सोच बनाए रखने की कोशिश करती रही हैं।

अब उन्होंने बताया है कि हालिया जांच के बाद उन्हें टारगेटेड थेरेपी दी जा रही है। नफीसा ने सोशल मीडिया पर अस्पताल से अपनी एक तस्वीर पोस्ट की। तस्वीर में वह अस्पताल के बेड पर मुस्कुराती रही हैं और उनके हाथ में आईवी ड्रिप लगी हुई है।

2018 में कैंसर का पता चला

नफीसा अली ने साल 2018 में पहली बार बताया था कि उन्हें स्टेज 3 पेरिटोनियल और ओवेरियन कैंसर का पता चला है। इसके बाद से वह गोवा में रहते हुए अपना इलाज कराती रही हैं। बीमारी के साथ लंबी लड़ाई के बावजूद उन्होंने सार्वजनिक रूप से हमेशा अपनी स्थिति और अनुभवों को साझा किया है। उन्होंने कहा था कि कैंसर उनके जीवन की सबसे डरावनी यात्राओं में से एक रहा है।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com